आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹85112/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹103950/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹113472/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
anand Jewels
Pandri, Raipur

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025

## गृहमंत्री शाह और सीएम विष्णुदेव ने मां दंतेश्वरी की पूजा कर मांगी प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश और प्रदेश की सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, विधायक किरण सिंह देव, विनायक गोयल, लता उसेंडी, चैतराम अटामी, नीलकंठ टेकाम, आशाराम नेताम सहित जनप्रतिनिधिगण एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय और उप मुख्यमंत्री शर्मा भी रहे साथ

# खराब मौसम, तकनीकी कारणों ने बदला शाह का प्लान
# बीएसएफ के विमान से नहीं, स्टेट प्लेन से गए-आए जगदलपुर

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को खराब मौसम और तकनीकी कारणों से रायपुर से जगदलपुर आने-जाने का प्लान बदलना पड़ा। दरअसल, श्री शाह को रायपुर से सुबह 11 बजे बीएसएफ के विमान से जगदलपुर जाना था, लेकिन उस दौरान वहां मौसम बिगड़ने लगा था, इसी वजह से उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के विमान से जाना पड़ा। उनके साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी जगदलपुर गए। कार्यक्रम के बाद उनकी वापसी भी स्टेट प्लेन से हुआ। इस दौरान बीएसएफ का विमान रायपुर एयरपोर्ट पर रहा। श्री शाह कल रायपुर पहुंच गए थे। उन्होंने वीआईपी रोड के होटल में रात्रि विश्राम किया। सुबह उन्हें जगदलपुर के ऐतिहासिक बस्तर उत्सव ▶▶| शेष पेज 8 पर



### लौटकर गोवा रवाना हुए

*केंद्रीय मंत्री श्री शाह स्टेट प्लेन से ही जगदलपुर से रायपुर वापस लौटे और वहीं से बीएसएफ के विशेष विमान से गोवा रवाना हुए। एयरपोर्ट पर सीएम श्री साय और श्री शर्मा ने उन्हे विदाई दी।*

### ये भी कारण

खराब मौसम के अलावा बीएसएफ विमान के जगदलपुर नहीं जाने का एक और कारण बताया जा रहा है। वहां का विमानतल छोटा है। इस कारण विमान टर्न करने में परेशानी होती। यही वजह है कि बीएसएफ के विमान को रायपुर में ही रोककर वे स्टेट प्लेन से गए और आए।

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने दोहराया संकल्प, कहा- हिंसा की तो जवान देंगे जवाब, आग्रह है सरेंडर कर मुख्यमार्ग पर लौटें माओवादी

# 31 मार्च...इस तारीख के बाद नक्सली न बस्तर का विकास रोक पाएंगे, न लोगों के अधिकार छीन सकेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार को बस्तर के ऐतिहासिक दशहरा उत्सव के मुरिया दरबार में शामिल होने आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लालबाग मैदान में स्वदेशी मेला के मंच से भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि बस्तर क्षेत्र को हिंसा से मुक्त करने सुरक्षा बलों को शक्ति देने की प्रार्थना आज देवी दंतेश्वरी से की है। यहां मौजूद लोग अपने गांव जाकर भटके हुए युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाने का काम करें। उन्होंने वार्ता की बात को सिरे से खारिज करते कहा कि छतीसगढ़ शासन ने काफी आकर्षक सरेंडर पालिसी बनाई है। इसलिए नक्सली सरेंडर कर मुख्यधारा ▶▶| शेष पेज 8 पर

*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक बार फिर दोहराया की 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। उसके बाद बस्तर के विकास और यहां के आदिवासियों के अधिकारी को नक्सली रोक नहीं पाएंगे।दिल्ली में कुछ लोग भ्रांति फैलाते रहे कि नक्सलवाद का जन्म विकास की लड़ाई है, जबकि हकीकत यह है कि नक्सलवाद की वजह से यह क्षेत्र विकास से वंचित रहा। अब यह वंचित नहीं रहेगा। नक्सलवाद खत्म होगा और हर गांव का विकास होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि नक्सलमुक्त गांवों को एक एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। हर गांव में सुविधाएं होंगी।*

### महतारी वंदन बसों की सौगात

अमित शाह ने मुख्यमंत्री बस सेवा योजना में बस्तर और सरगुजा आदिवासी अंचल को 34 बसों की सौगात दी। ये बसें 34 मार्गों पर चलकर 250 गांव को कवर करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो नुकसान होगा, उसकी भरपाई सरकार करेगी। श्री शाह ने मंच से बटन दबाकर 70 लाख महिलाओं के खाते में महतारी वंदन के 607 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए। उन्होंने डाक विभाग के पिक्टोरियल पोस्ट कार्ड का विमोचन किया।

### मुख्यमंत्री ने कहा विकास में रोड़ा बना नक्सलवाद 6 महिने में हो जाएगा खत्म



### दशहरा में जातियों की भागीदारी अद्भुत

अमित शाह ने कहा कि 14 वीं शताब्दी में रथ यात्रा की शुरूआत हुई। मुख्यमंत्री ने रथ कैसे बनता है, इसे आज मुझे बताया है। जगन्नाथ की रथ यात्रा से लंबा 75 दिन का बस्तर की मां दंतेश्वरी की रथ यात्रा है। जिसमें आदिवासी और गैर आदिवासी दोनों समाजों और जातियों की सहभागिता रहती है। हरेक रस्म और परंपरा में अलग अलग जातियों को अवसर मिलता है। जिसने भी यह परंपरा शुरू की, वह आदिवासियों को एक सूत्र में जोड़कर रखने का उदाहरण है।

### सरडर नक्सलियों और पीड़ति परिवार को 15 हजार से अधिक पीएम आवास

केंद्रीय गृहमंत्री ने प्रधानमंत्री के द्वारा लागू की गई अनेक योजानाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि बस्तर संभाग के 7 जिले में सरेंडर नक्सली और हत्या में मारे गए पीड़ति के परिजनों के लिए 15 हजार से अधिक पीएम आवास दे रहे हैं। 10 साल में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ को विकास के लिए 4 लाख 40 हजार करोड़ दिए हैं।

### डबल इंजन की सरकार से विकास की गंगा

प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री लगातार बस्तर को आशीर्वाद दे रहे हैं। लाल आतंक खत्म होने वाला है। इससे पहले बस्तर ओलंपिक और पंडुम से पूरे संभाग में उत्साह और जोश का माहौल बना हैं। केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार विकास तेज कर खुशहाली ला रही हैं। प्रधानमंत्री का स्वदेशी अभियान हर घर में समृद्धि लाने का प्रयास हैं।

### दस सालों में 4 लाख 4 हजार करोड़

*श्री शाह ने कहा कि कि केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार बस्तर सहित सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए पूर्णतः समर्पित हैं और इसके लिए आकर्षक नीतियाँ बनाई गई हैं।प्रधानमंत्री मोदी 10ने छत्तीसगढ़ के विकास के लिए पिछले 10 वर्षों में लगभग 4 लाख 40 हजार करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की है। छत्तीसगढ़ का विकास दिन-दूनी,रात-चौगुनी गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग स्थापित हो रहे हैं, शिक्षा के संस्थान बन रहे हैं, और स्वास्थ्य संस्थानों का विकास हो रहा है। साथ ही, हमारे लघु उद्योगों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।*

### सुरक्षा पोस्ट खुलने से विकास तेज हो रहा

*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि विकास में रोड़ा बना नक्सलवाद 6 माह में समाप्त हो जाएगा। हमारे जवान मुस्तैदी के साथ लड़ रहे हैं। लगातार सुरक्षा पोस्ट खुलने से विकास तेज हो रहा है।*

सराफा में सनसनी

## गन टिकाकर कारोबारी से लूटी डेढ़ करोड़ की चांदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सदर बाजार सराफा में सनसनीखेज लूट ने कारोबारियों को चिंता में डाल दिया। यहां एक कारोबारी को बंधक बनाकर दो बदमाश तड़के तीन से चार बजे के बीच डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के 86 किलो चांदी के जेवर लूटकर फरार हो गए। कारोबारी की शिकायत पर पुलिस अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच कर रही है। एफएसएल, डॉग स्क्वाड सहित पुलिस की ▶▶| शेष पेज 8 पर

- दरवाजा खुलवाया और गन दिखाकर बेहोशी की दवा सुंघा कर बेहोश किया और ले उड़े जेवर

### दीपावली सीजन में बिक्री के लिए लाया था जेवर

राहुल गोयल आगरा से चांदी के जेवर लाकर यहां सराफा कारोबारियों के पास बेचने का काम करता है। आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए राहुल कारोबारियों को बेचने चांदी के जेवर लेकर आया था। पुलिस इस बात की जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है कि स्थानीय कारोबारियों के अलावा राहुल का यहां किन किन लोगों के साथ परिचय था।

### चार बजे के करीब कारोबारी को होश आया

कारोबारी ने पुलिस को बताया है कि उसको लूटने आए बदमाशों की संख्या दो थी। कारोबारी के अनुसार दवा सुंघाने के बाद वह बोहोश हुआ, तब तक उसे पता था कि बदमाश उसे एक रस्सी से खिड़की में बांध रहे हैं। कारोबारी के अनुसार तड़के चार बजे के करीब उसे होश आया, तब वह किसी तरह रस्सी खोलकर थाने पहुंचा।




हसदेव में बड़ा हादसा

## पिकनिक मनाने पहुंचे दो युवती समेत तीन बह गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर- चाम्पा

पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली में शनिवार को एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया। बिलासपुर से पहुंचे दो युवक और एक युवती हसदेव नदी में डूब गए। वहीं एक युवक और एक युवती की किसी तरह जान बची। पानी का बहाव तेज होने और अंधेरा हो जाने के कारण रेसक्यू में टीम को दिक्कत आ रही है।

पंतोरा चौंकी क्षेत्र के पिकनिक स्पॉट देवरी चिचोली में बिलासपुर से 5 युवाओं का ग्रुप शनिवार 4 अक्टूबर की दोपहर करीब 2 बजे



पहुंचा। सरकंडा और दयालबंद बिलासपुर के स्वर्णलता ठाकुर, आशीष भोई, अंकुर ठाकुर, लक्ष्मी शंकर और मोनिका सिन्हा ने कुछ देर पिकनिक स्पॉट में घूमने के बाद नदी में नहाने की योजना बनाई। सभी शाम करीब 5 बजे हसदेव नदी में नहाने के लिए उतर गए। नदी में पानी का बहाव इन ▶▶| शेष पेज 8 पर

यूपीएससी का बड़ा फैसला

## प्रारंभिक परीक्षा के बाद तुरंत जारी होगी अंतरिम उत्तर कुंजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संघ लोक सेवा आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि उसने प्रारंभिक परीक्षा आयोजित होने के बाद अंतरिम उत्तर कुंजी प्रकाशित करने का निर्णय लिया है। आयोग प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करता है। पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक हलफनामे में आयोग ने कहा कि अंतिम परिणाम घोषित होने के बाद अंतिम उत्तर कुंजी प्रकाशित की जाएगी। यह हलफनामा सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित एक लंबित याचिका ▶▶| शेष पेज 8 पर



### जल्द शुरू होगी नई प्रक्रिया

हलफनामे में कहा गया है कि आयोग इन प्रक्रियाओं का पालन यथाशीघ्र शुरू करना चाहता है। इसमें कहा गया है, यूपीएससी द्वारा लिया गया निर्णय याचिका में उठाई गई शिकायतों का प्रभावी और पर्याप्त निवारण माना जाए। यह यूपीएससी के कामकाज में पारदर्शिता के स्तर को बढ़ाने और जनहित को आगे बढ़ाने के लिए भी है।




II HARE KRISHNA II
32 Years of Experience
SINGHANIA™ BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993
DIWALI SPECIAL OFFERS
घर हो या फ्लैट,
बस एक ही नाम
सिंघानिया बिल्डकॉन
2, 3 & 4 BHK SPACIOUS APARTMENT
COMMERCIAL SHOP, OFFICE SPACE
RERA REG. NO. : PCGRERA270618000348
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
Near AIIMS, Hirapur Chowk, Raipur
PRICE STARTING FROM ₹28.00 Lakh Onwards
HARSHIT LANDMARK
PREMIUM COMMERCIAL & RESIDENTIAL
FOR BOOKING : 8302 321 321
PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS
PLOT : 600-1700 SQ.FT.
RERA REG. NO. : PCGRERA040123001580
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
HARSHIT GOLD CITY
Vidhansabha Road, Nardaha Raipur
PRICE STARTING FROM ₹10.90 Lakh Onwards
HARSHIT GOLD CITY
LIVE IN EL DORADO
FOR BOOKING : 9827 321 321
LAST 5 PLOT
PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS
PLOT : 500-3000 SQ.FT.
RERA REG. NO. : PCGRERA250724001799
WWW.RERA.CGSTATE.GOV.IN
Opp. D-Mart, Raipura, Raipur
PRICE STARTING FROM ₹28.00 Lakh Onwards
HARSHIT URBAN CITY
FOR BOOKING : 9827 321 321
*T&C Apply
Fully Developed Road
Water Supply Line
Temple
Street lights
Garden
Security Service
Rain Water Harvesting
Transformer
Water Tank
Natural Environment
Covered Campus
आपका अपना फ्लैट आज ही बुक करें!
9827-321-321
www.singhaniabuildcon.com
Credai Member CREDAI Chhattisgarh
RERA APPROVED

बिलासपुर
रविवार 5 अक्टूबर 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी
वर्ष : 25, अंक : 193
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 31.2
न्यून. 23.8

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## शुभमन बने वनडे कप्तान विराट और रोहित की वापसी



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 19 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इसके बाद 29 अक्टूबर से पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का आगाज होगा। इस दौरे से पहले शुभमन गिल वनडे टीम के कप्तान बनाए गए हैं। वहीं श्रेयस अय्यर को उपकप्तानी दी गई है। खास बात यह है कि इस दौरे पर भारतीय टीम के दो सबसे बड़े नाम विराट कोहली और रोहित शर्मा की वापसी हो गई है। दोनों खिलाड़ी अब वनडे ही खेलते हैं, टी20 व टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं।




## खबर संक्षेप

### पीएम आठ को नवी मुंबई एयरपोर्ट का करेंगे उद्घाटन

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ अक्टूबर को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। हवाई अड्डे को 30 सितंबर को विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए से हवाई अड्डा लाइसेंस मिला। यह परियोजना नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे द्वारा कई चरणों में विकसित की जा रही है। इसमें अदाणी समूह की 74 प्रतिशत हिस्सेदारी है। बाकी 26 प्रतिशत हिस्सा महाराष्ट्र सरकार के भूमि विकास प्राधिकरण सिडको के पास है।

### रिया को पांच साल बाद पासपोर्ट वापस मिला

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती ने कहा कि उन्हें पांच साल बाद आखिरकार पासपोर्ट वापस मिल गया है। मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा चक्रवर्ती के दिवंगत साथी और अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़े मामले में उनके (चक्रवर्ती के) पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद उन्हें पासपोर्ट वापस मिला है। अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती (33) ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हवाईअड्डे पर पासपोर्ट हाथ में लिए नजर आ रही है।

# कफ सिरप में खतरनाक केमिकल चार राज्यों में बैन, छग में भी जांच

### नमूने की जांच में पुष्टि, मप्र और राजस्थान में अब तक 14 की मौत

मध्य प्रदेश और राजस्थान में 14 बच्चों की मौत के बाद चार राज्यों ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी है। इधर, चेन्नई स्थित एक कंपनी की फैक्टरी में निरीक्षण के दौरान वहां से एकत्र किए गए 'कफ सिरप' के नमूने में मिलावट पाई गई है। सिरप के सैंपल्स की जांच में डाईएथिलीन ग्लाइकॉल निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में पाया गया है। यह जांच मप्र सरकार के अनुरोध पर तमिलनाडु सरकार ने कराई। सिरप को लेकर छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड, तेलंगाना में भी जांच की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चेन्नई/भोपाल

हरिभूमि फॉलोअप

मध्यप्रदेश और राजस्थान में कथित तौर पर खांसी की दवाओं से 14 बच्चों की मौत के बाद केंद्र और राज्यों की सरकारें सक्रिय हो गई हैं। मप्र के स्वास्थ्य विभाग ने दो कफ सिरप (कोल्ड्रिफ और नेक्सट्रो डीएस) का प्रोडक्शन रुकवाने के लिए तमिलनाडु और हिमाचल को पत्र लिखा है। तमिलनाडु सरकार ने मप्र की ओर से पत्र मिलते ही 24 घंटे के भीतर कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) का सैंपल लेकर जांच कराई। इसमें डाईएथिलीन ग्लाइकॉल 48.6% मिला, जो एक विषैला पदार्थ है। यह सेहत के लिए हानिकारक है। इसके तुरंत बाद पूरे तमिलनाडु में ▶▶|शेष पेज 8 पर

### खास बातें

- सैंपल्स की जांच में डाईएथिलीन ग्लाइकॉल निर्धारित सीमा से अधिक
- केंद्र, राज्य सरकार सक्रिय सीडीएससीओ ने 19 दवाओं के सैंपल इकट्ठे किए




### स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सतर्क रहने और बच्चों में खांसी की दवाओं का विवेकपूर्ण उपयोग करने की सलाह दी है। मंत्रालय ने एडवाइजरी में स्पष्ट किया है कि दो साल से छोटे बच्चों को किसी भी प्रकार का कफ सिरप बिल्कुल नहीं दिया जाना चाहिए। वहीं पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए भी सामान्य रूप से इन दवाओं की सिफारिश नहीं की जाती। विशेषज्ञों का कहना है कि अधिकांश मामलों में बच्चों की खांसी बिना दवा के भी ठीक हो जाती है, इसलिए पानी, आराम और सहायक उपचार को प्राथमिकता देना चाहिए।

### छह राज्यों में 19 दवा कंपनियों की जांच

स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत की खबरों के बाद छह राज्यों में कफ सिरप और एंटीबायोटिक दवाएं बनाने वाली 19 कंपनियों के प्लांट में 3 अक्टूबर से निरीक्षण शुरू किया है। इसका उद्देश्य उन खामियों की पहचान करना है जिनके कारण दवा की क्वालिटी में कमी आई है।

### राजस्थान में ड्रग कंट्रोलर सस्पेंड

राजस्थान में डेक्सट्रोमेथोरपन हाइड्रोब्रोमाइड कफ सिरप और उसे बनाने वाली कंपनी केसंस फार्मा को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। इस कंपनी का प्लांट जयपुर में है। इस सिरप से राजस्थान में 2 बच्चों की जान गई। राजस्थान सरकार ने केसंस फार्मा की सभी 19 प्रकार की दवाइयों पर रोक लगा दी है।

### सात पर एफआईआर

## नौकरी दिलाने के नाम पर 150 लड़कियों को बनाया बंधक

- कॉस्मेटिक और कपड़े की मार्केटिंग के आड़ में चल रहा था सोशल मीडिया के जरिए लड़कों को फंसाने का खेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत बोरसी के कदम प्लाजा में गुडवे इंडियन फैशन प्राइवेट लिमिटेड नाम से फर्जी मार्केटिंग संस्था का संचालन करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों द्वारा इस मार्केटिंग कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर 150 से ज्यादा लड़कियों को चंगुल में फंसाया गया। इसके बाद उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफार्म में लड़कों से बात कर उन्हें संस्था से जोड़ने और पैसे ऐठने के लिए ट्रेनिंग दी गई। इन लड़कियों को घर जाने से भी रोका गया। अघोषित रूप से ▶▶|शेष पेज 8 पर

### तीन आरोपी गिरफ्तार

नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले सात के खिलाफ अपराध कायम किया गया है। तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है। फरार की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पीड़ित युवतियों की ओर से लिखित शिकायत आई है। जांच में सामने आया है कि कंपनी नौकरी के नाम पर युवक युवतियों से ठगी किया है। कंपनी नए लोगों को जोड़ने का दबाव डालती है। फिलहाल जांच जारी है।

-हर्षित मेहर, सीएसपी, दुर्ग



**एमउएम हुरुन इंडिया ने भारत के सबसे अधिक धनी व्यक्तियों 2025 की सूची जारी की है। सूची में क्रमांकित अरबपतियों के पास जो चल-अचल संपत्तियां व परिसंपत्तियां हैं, इनका कुल मूल्य भारतीय जीडीपी के लगभग आधे हिस्से के बराबर है। भारत में अरबपतियों की बढ़ती संख्या का समाचार एक साधारण दृष्टिकोण के साथ तो देशवासियों को गर्वबोध से संचित कर सकता है, किंतु अरबपतियों की तुलना में जब जीविकाहीन व जीविकायुक्त दोनों प्रकार के करोड़ों निर्धनों की वास्तविकता सम्मुख प्रकट होती है, तो अर्थभेद का दुर्बोध भी होता है। वहीं, दूसरी ओर दुनिया में भारत में अत्यधिक गरीबी में सबसे तेजी से कमी आ रही है, लेकिन भारत में अमीर और गरीब के बीच खाई बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि विश्व बैंक और आईएमएफ तक मान चुके हैं कि असमानता आर्थिक विकास की गति को धीमा कर देती है। निश्चित रूप से देश से गरीबी के तेजी से घटने और अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने के बावजूद अभी हमें स्वदेशी आत्मनिर्भरता की डगर पर और तेजी से आगे बढ़ना होगा। इसी असमानता का विश्लेषण करता *आजकल* का खास अंक...**

# अमीर-गरीब में बढ़ती खाई बड़ी चुनौती



**विश्लेषण**
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन इस समय जहां एक ओर वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ रही है और पूरी दुनिया में भारत के अरबपतियों की संख्या भी सबसे तेजी से बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर दुनिया में भारत में अत्यधिक गरीबी में सबसे तेजी से कमी आ रही है, लेकिन भारत में अमीर और गरीब के बीच खाई बढ़ती जा रही है।

हाल ही में एक अक्टूबर को प्रकाशित एमउएम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 के मुताबिक भारत में 9.55 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ रिलायंस इंडस्ट्री के मुकेश अंबानी पहले स्थान पर हैं। जबकि गौतम अडानी 8.1 5 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर हैं। इस सूची के इतिहास में पहली बार कोई महिला शीर्ष तीन में जगह बनाने में कामयाब रही हैं। वह महिला हैं, रोशनी नादर मल्होत्रा। उनके और उनके परिवार की संपत्ति का आकार 2.84 लाख करोड़ रुपये है। यह महत्वपूर्ण बात है कि 2025 की सूची भारत के अरबपति समुदाय में विस्तार का प्रतीक है। देश में अब 358 अरबपति हैं, जो 13 साल पहले की तुलना में 6 गुना अधिक हैं।

**एमउएम हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2025 के मुताबिक भारत में 1687 ऐसे भारतीय हैं जिनकी संपत्ति 1000 करोड़ से अधिक है। भारत के सभी धनी व्यक्तियों ने प्रतिदिन 1991 करोड़ रुपये की दर से संपत्ति अर्जित की है। इन सभी की कुल संपत्ति 167 लाख करोड़ रुपये है जो पिछले साल 2024 की तुलना में 5 फिसदी अधिक है। ऐसे में अमीर और गरीब के बीच की खाई को कम करने के लिए कई बातों पर ध्यान देना जरूरी है। भारत की अर्थव्यवस्था स्वदेशी आत्मनिर्भरता के साथ तेजी से आगे बढ़ानी होगी और हर संभव तरीके से गरीब वर्ग के हितों का ध्यान रखना होगा।**

## देश में 1687 लोग अरबपति

इस सूची के मुताबिक भारत में 1687 ऐसे भारतीय हैं जिनकी संपत्ति 1000 करोड़ से अधिक है। इस सूची में शामिल सभी लोगों की कुल संपत्ति 167 लाख करोड़ रुपये है जो पिछले साल 2024 की तुलना में 5 फिसदी अधिक है। यह भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग आधे के बराबर है। यह बात महत्वपूर्ण है कि पिछले दो वर्षों में भारत में औसतन हर सप्ताह एक नया अरबपति बना है। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के सभी धनी व्यक्तियों ने प्रतिदिन 1991 करोड़ रुपये की दर से संपत्ति अर्जित की है। ऐसे में भारत में अमीर और गरीब के बीच की खाई को कम करने के लिए कई बातों पर ध्यान देना जरूरी है। भारत की अर्थव्यवस्था स्वदेशी आत्मनिर्भरता के साथ तेजी से आगे बढ़ानी होगी और हर संभव तरीके से गरीब वर्ग के हितों का ध्यान रखना होगा। पूरी दुनिया ने हाल ही में यह भी देखा है कि जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ हथियार के डर से दुनिया के अधिकांश देश अमेरिका की व्यापार शर्तों को मानते हुए दिखाई दिए हैं, तब भारत अमेरिका के साथ कारोबार समझौते के तहत अपने करोड़ों गरीब किसानों और मछुआरों के हितों के मद्देनजर बिना झुके अपनी शर्तों के साथ अडिग खड़े रहा। यह भारत सरकार का गरीबों के रोजगार हित में बड़ा कदम हैं।

## गरीबी संख्या में गिरावट दर्ज

निसंदेह भारत में गरीबी में कमी लाने के लिए बहु आयामी प्रयास किए जाने से गरीबी में बहुत तेजी से कमी आ रही है। पिछले दिनों प्रकाशित विश्व बैंक की वैश्विक गरीबी संबंधी रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अत्यधिक गरीबी की स्थिति में रहने वाले लोगों की संख्या में पिछले 11 सालों में जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है और अत्यधिक गरीबी से करीब 27 करोड़ देशवासी बाहर निकले हैं। विश्व बैंक ने अत्यधिक गरीबी रेखा के निर्धारण के संबंध में जो नए अनुमान जारी किए हैं उनके मुताबिक निम्न आय वाले देशों के लिए अत्यधिक गरीबी की रेखा 2.15 डॉलर प्रतिदिन के उपभोग व्यय से बढाकर अब प्रतिदिन 3 डॉलर उपभोग व्यय पर निर्धारित की गई है। ऐसे में देश में अत्यधिक गरीब लोगों की जो संख्या 2011-12 में 27.1 फीसदी थी, वह 2022-23 में घट कर केवल 5.3 फीसदी रह गई है। इससे अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या 34.44 करोड़ से घटकर 7.52 करोड़ रह गई है। निश्चित रूप से यह परिदृश्य भारत में गरीब कल्याण की दिशा में बड़ी प्रगति का स्पष्ट संकेत करता है।

## योजनाओं की सार्थकता

साथ ही यह परिदृश्य पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गरीब कल्याण को लक्षित करके बनाई गई अत्यधिक लाभकारी योजनाओं की सार्थकता भी प्रस्तुत करता है। खासतौर से देश में करीब 55 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 138 करोड़ आधार कार्ड (ए), तथा करीब 119 करोड़ मोबाइल उपभोक्ताओं (एम), की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढाँचा गरीबों के सशक्तिकरण में असाधारण भूमिका निभा रहा है। इस जैम के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। गरीबों के सशक्तिकरणसे संबंधित कई और योजनाओं से गरीबी घट रही है। इनमें स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ शौचालय और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं शामिल हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अब आर्थिक विकास और नई तकनीकों का उपयोग गरीबों के हित में किया जाना जरूरी है। अब कर सुधारों का लाभ गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों तक पहुंचना चाहिए। हाल ही में उभरते भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधार देश के हर नागरिक के लिए एक बड़ा उपहार हैं। इन दिनों नए सुधारों और नई कर व्यवस्थाओं पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इन आमूल कर सुधारों से न केवल आम आदमी की जिंदगी आसान होगी। ऐसे में कई परिवारों को अपनी आजीविका कमाने और युवाओं के लिए नौकरी के अवसर पैदा करने में मदद मिलेगी। इससे देश के गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों की आमदनी में वृद्धि होगी। अभी हमें देश में गाँवों की मजबूती, कृषि क्षेत्र की ऊँचाई और छोटे शहरों के विकास के साथ-साथ आम आदमी की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए अधिक प्रयास करने होंगे।

## आत्मनिर्भरता की डगर

निश्चित रूप से देश से गरीबी के तेजी से घटने और अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने के बावजूद अभी हमें स्वदेशी आत्मनिर्भरता की डगर पर और तेजी से आगे बढ़ना होगा। हमें अभी आम आदमी के कल्याण और प्रतिव्यक्ति आय बढ़ाने के लिए मीलों चलना होगा। इसी वर्ष भारत, 140 करोड़ से अधिक जनसंख्या की कुल आमदनी के आधार पर जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन हमें आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए। स्थिति यह है कि प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत दुनिया के कई देशों से बहुत पीछे है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि देश में अमीर और गरीब वर्ग के बीच खाई में कमी आएगी। आम आदमी की खुशहाली बढ़ेगी। इन सब प्रयासों के आधार पर साथ ही देश वर्ष 2047 तक विकसित देश बनने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

# देश में लगातार गहरी हो रही असमानता



**संघर्ष**
राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार

भारत की असली ताक़त उसके 140 करोड़ आम लोग हैं। किसान, मज़दूर, छोटे दुकानदार और युवा, जिनके सपनों पर आज धूल जमी है। अगर यही लोग सशक्त होंगे, तभी भारत सचमुच शक्तिशाली बनेगा। असमानता केवल आर्थिक समस्या नहीं है, यह लोकतंत्र, समाज और देश की स्थिरता के लिए खतरा है। भविष्य का भारत केवल 1,687 अरबपतियों का नहीं, बल्कि करोड़ों मेहनतकश लोगों की उम्मीदों और संघर्षों से बना भारत होना चाहिए। विकास तभी सच्चा होगा जब उसका लाभ सब तक पहुंचे। भारत आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। स्टॉक मार्केट रिकॉर्ड बना रहा है, कॉरपोरेट कंपनियां अरबों-खरबों का कारोबार कर रही हैं और भारत अरबपतियों की संख्या में दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है। लेकिन इस चमक-दमक के पीछे एक गहरी सच्चाई छिपी है, देश में अमीर-गरीब की खाई पहले से कहीं अधिक चौड़ी हो चुकी है। 1 अक्टूबर 2025 को एम 3 एम इंडिया और हुरुन रिच लिस्ट जारी की गई, जिसमें 1,687 ऐसे भारतीय शामिल हैं जिनकी संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इनकी कुल नेटवर्थ लगभग 167 लाख करोड़ रुपये है, जो भारत की जीडीपी का लगभग आधा है। यह आंकड़ा केवल अमीरों की गिनती भर नहीं है, बल्कि पूरे आर्थिक और सामाजिक ढांचे पर सवाल खड़ा करता है। आज एक ही देश में दो बिल्कुल अलग दुनिया मौजूद हैं। एक ओर हैं वे उद्योगपति जिनके पास अरबों-खरबों की संपत्ति, विदेशी हवेलियां और निजी जेट हैं। दूसरी ओर करोड़ों लोग हैं जो रोज़ 200–300 रुपये की दिहाड़ी पर काम करते हैं, जिनके पास स्थायी नौकरी या पक्की छत तक नहीं है। करोड़ों किसान कर्ज़ के बोझ तले दबे हैं, मज़दूर शहरों की फैक्ट्रियों और निर्माण स्थलों पर पसीना बहाते हैं और युवा बेरोज़गारी से जूझ रहे हैं। महिलाओं को शिक्षा और रोज़गार के लिए अतिरिक्त संघर्ष करना पड़ता है। यह केवल आय का अंतर नहीं, बल्कि अवसरों और जीवन की गुणवत्ता का अंतर है। असमानता का असर पीढ़ी दर पीढ़ी चलता है। गरीब माता-पिता अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं दिला पाते, नतीजा यह होता है कि अगली पीढ़ी भी गरीबी में जीती है। युवाओं में निराशा और हताशा पैदा होती है और यही माहौल अपराध, नशाखोरी और हिंसा को जन्म देता है। शहरों में झुग्गी-झोपड़ियों और अपराध दर का बढ़ना इसकी सीधी झलक है। लोकतंत्र पर भी असमानता का असर गहरा है। राजनीति में पैसे की ताकत सबसे अहम बन चुकी है। चुनावी चंदा बड़े कॉरपोरेट्स से आता है और नीतियां अक्सर उनके हितों के हिसाब से बनती हैं। आम नागरिक का वोट बराबर है, लेकिन उसकी आवाज़ और असर लगातार कम होता जा रहा है। धीरे-धीरे लोकतंत्र "जनता का, जनता के लिए" से बदलकर "धनवानों का, धनवानों के लिए" होने लगता है। अगर यह असंतुलन बढ़ता गया तो लोकतंत्र पर भरोसा कमज़ोर हो सकता है। कुछ लोग मानते हैं कि अमीरों की संपत्ति से निवेश बढ़ेगा और रोजगार पैदा होंगे। लेकिन सच्चाई यह है कि जब आम आदमी की जेब खाली होगी तो वह बाज़ार से सामान कैसे खरीदेगा? खपत घटने पर उद्योग भी ठप पड़ते हैं। निवेश उन्हीं क्षेत्रों में होता है जहां अमीरों को मुनाफ़ा दिखता है, न कि उन क्षेत्रों में जहां गरीब और मध्यमवर्ग की ज़रूरतें पूरी हों। यही कारण है कि विश्व बैंक और आईएमएफ तक मान चुके हैं कि असमानता आर्थिक विकास की गति को धीमा कर देती है। वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब की 2024 रिपोर्ट के अनुसार भारत के शीर्ष 1% लोगों के पास देश की 40.1% संपत्ति है और उनकी आय हिस्सेदारी 22.6% है। जबकि निचले 50% वर्ग के पास केवल 6.4% संपत्ति है। यानी असमानता ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। यह स्थिति केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि सड़कों, गांवों और कस्बों में साफ देखी जा सकती है, जहां आलीशान मॉल और हाई-राइज़ टावरों के बगल में टूटी-फूटी झुग्गियां खड़ी हैं। दुनिया के कई देशों ने साबित किया है कि असमानता को कम करना संभव है। नॉर्डिक देश, स्वीडन, नॉर्वे और डेनमार्क ने उच्च कर व्यवस्था और कल्याणकारी नीतियों से सभी नागरिकों को समान अवसर दिए। वहां शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं लगभग मुफ्त हैं और रोजगार के मौके बराबरी से उपलब्ध हैं। चीन ने भी शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर बड़े निवेश किए और करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। इसके उलट अमेरिका में असमानता लगातार बढ़ रही है और सामाजिक तनाव का कारण बन रही है। भारत में भी केरल की शिक्षा और स्वास्थ्य नीतियां पूरे देश के लिए मॉडल हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताक़त दी है।

**भविष्य का भारत केवल 1,687 अरबपतियों का नहीं, बल्कि करोड़ों मेहनतकश लोगों की उम्मीदों और संघर्षों से बना होना चाहिए। विकास तभी सच्चा होगा जब उसका लाभ सब तक पहुंचे।**

# आर्थिक असमानता का इलाज जरूरी



**मंथन**
महेंद्र पंडित
वरिष्ठ पत्रकार

बीते दिनों जारी की गई हुरुन इंडिया की रिपोर्ट हैरान और परेशान करने वाली है। ये रिपोर्ट बताती है कि भारत के 1687 सबसे अमीर लोगों की कुल नेटवर्थ अब 167 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी है, जो देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का आधे के आसपास है। इस आंकड़े से स्पष्ट होता है कि भारत में धन की एकाग्रता बेहद उच्च वर्ग के पास है और कुछ ही परिवारों के पास देश की संपत्ति का बड़ा हिस्सा है। हमारी समाज-व्यवस्था और कानून वगैरह इस तरह बने रहते हैं कि इस गैर-बराबरी को कोई अनैतिक या अनुचित भी नहीं मानता। रिपोर्ट में सबसे चिंता का विषय है कि देश में आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है और संपत्ति वितरण का संतुलन चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। ये आंकड़े यह सवाल भी उठाते हैं कि क्या देश में आम नागरिकों तक समृद्धि का लाभ सही मायने में पहुंच पा रहा है या नहीं। रिपोर्ट ने एक बार फिर देश के आर्थिक ढांचे और अमीरी के केंद्रित होने पर ध्यान आकर्षित किया है और यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि समृद्धि का लाभ सभी तक कैसे पहुंचाया जाए। तेजी से बढ़ती अमीरी, निवेश और नए उद्योगों के बावजूद, यह स्पष्ट है कि आर्थिक समावेशन और संपत्ति का न्यायसंगत वितरण अभी भी जरूरी है। अगर हम ऐसा करने में कामयाब न हुए तो अनेक प्रकार की चुनौतियों का उत्पन्न होना तय है। वैसे तो इस रिपोर्ट में ऐसा कुछ नहीं है, जो एक या दो दशक में हुआ हो। यह सब हैरान करने वाला इसलिए भी नहीं है कि देश में अमीर और गरीबी के बीच खाई कोई नई बात नहीं है। यह व्यवस्था सदियों से चली आ रही है। जब राजतंत्र हुआ करता था तो कुछ विशेष वर्ग के लोग थे, जो धनी हुआ करते थे। जो संपूर्ण समाज का महज दस प्रतिशत थे, वही बाकि के सभी लोगों पर नियत्रंण रखते थे, लेकिन अब हम राजतंत्र नहीं लोकतंत्र में पहुंच गए हैं और अमीर-गरीब की खाई कम होने की बजाए लगातार बढ़ रही है। जो गंभीर चिंता का विषय है। धन का वितरण अत्यधिक असमान हो रहा है। इस खाई के मुख्य कारणों में नीतियों का ठीक से लागू न होना, कोरोना जैसी आपदाओं का असमान प्रभाव, तकनीकी प्रगति का लाभ उच्च वर्ग तक सीमित रहना और सामाजिक-आर्थिक संरचनाएं शामिल हैं। वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दिया जाना भी बहुत जरूरी है। वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में भी अधिकतम लाभ उसी छोटे से तबके के हिस्से में ही जा रहा है जो पहले से ही अमीर है। वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर, हम लोगों को बेहतर वित्तीय निर्णय लेने और उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद कर सकते हैं। अभी भी कुछ नहीं बिगड़ा, बस जरूरत है तुरंत और बेहतर उपाए करने की। अगर हम सफल रहे तो कुछ ही समय में हालात बदल सकते हैं।

**वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में अधिकतम लाभ उसी छोटे से तबके के हिस्से में ही जा रहा है जो पहले से ही अमीर है। वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देकर, हम लोगों को बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं।**

# असमानता के दायरे को नियंत्रित करने के उपाय निकालें



**आर्थिकी**
सतीश सिंह
एजीएम, एसबीआई

देश में समानता और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के सबसे बड़े पैरोकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिवस के ठीक एक दिन पहले एमथ्रीएम इंडिया और हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट के संयुक्त उद्यम ने 1 अक्टूबर को 2025 के लिए 1,687 धनकुबेरों की सूची जारी की, जिनकी निवल संपत्ति 1,000 करोड़ से अधिक और सभी की कुल निवल संपत्ति 167 लाख करोड़ रुपये है, जोकि देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब आधा है।

## चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

भले ही भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, लेकिन क्या इन अमीरों के बलबूते यह 2047 में विकसित राष्ट्र बन सकता है, शायद नहीं,क्योंकि विकसित राष्ट्र बनने के लिए, किसी भी देश में उच्च प्रति व्यक्ति आय, उच्च मानव विकास सूचकांक, उच्च दर्जे की तकनीक, उन्नत व मजबूत बुनियादी ढांचा, उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं,उत्कृष्ट उद्योग, उत्कृष्ट सेवा क्षेत्र आदि होना चाहिए, लेकिन भारत मौजूदा असमानता के साथ ऐसे उत्कृष्ट मानक नहीं स्थापित कर सकता है। भारत की आबादी अभी लगभग 140 करोड़ है और वित्त वर्ष 2024-25 के लिए स्थिर कीमतों पर यहां प्रति व्यक्ति शुद्ध आय 1,14,710 रुपये थी,जो वित्त वर्ष 2014-15 में केवल 72,805 रुपये थी। इस प्रकार, प्रति व्यक्ति आय में 41,905 रुपये की वृद्धि हुई। हालांकि,वर्तमान मूल्यों पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति व्यक्ति शुद्ध आय लगभग 205,324 रुपये रही थी। यहां बताना जरूरी है कि यह आंकड़ा वास्तविक प्रति व्यक्ति आय को नहीं दर्शाता है, क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में प्रति व्यक्ति आय देश की कुल संपत्ति को देश की कुल आबादी से भाग देकर निकाली जाती है। विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2011-12 में गरीबों की संख्या 27.1% थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में घटकर 5.3% या 5.44 करोड़ रह गई। इस तरह, वित्त वर्ष 2011-12 से 2022-23 की अवधि में 17.1 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए। विश्व बैंक का यह भी कहना है कि मुफ्त और रियायती खाद्यान्न हस्तांतरण जैसे सरकारी कार्यक्रमों की वजह से गरीब, गरीबी रेखा से बाहर निकल सके हैं, न कि उनकी आय में कोई इजाफा हुआ है। इससे इतर धनकुबेरों की संपत्ति में निरंतर और अकूत इजाफा हो रहा है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ मौजूदा अमीर ही अमीरों की इस सूची में शामिल हैं, नए नाम भी इससे जुड़ रहे हैं, लेकिन वे आमजन नहीं हैं, बल्कि अमीर ही हैं। ऐसे में सवाल का उठना लाजिमी है कि असमानता की इस पराकाष्ठा को क्या पाटा जा सकता है?



**आर्थिक असमानता की खाई को कम करना संभव नहीं है, लेकिन सरकार और आमजन गांधी जी के आर्थिक व सामाजिक दर्शन को अमलीजामा पहनाएं तो इस खाई को कुछ हद तक पाटा जा सकेगा।**

## महात्मा गांधी की आर्थिक दृष्टि

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि असमानता की इस खाई में कभी भी अंशमात्र की कमी नहीं आ सकती है अर्थात अमीरों द्वारा बनाई गई अमीरी के इस चक्रव्यूह को तोड़ना नामुमकिन है, परंतु राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आर्थिक दृष्टि के पड़ताल से ऐसा लगता है कि समय भले जो लगे, किंतु लंबी अवधि में इस खाई नुमा किले में सेंध जरूर लगाई जा सकती है। महात्मा गांधी की आर्थिक दृष्टि मूल रूप से स्वदेशी, विकेन्द्रीकृत सूक्ष्म व लघु उद्योगों, आत्मनिर्भरता और पर्यावरण-अनुकूल विकास पर केंद्रित थी। स्वदेशी अर्थात देश में सभी उत्पादों का निर्माण किया जाए इसलिए, उन्होंने हर घर में चरखा और खादी के इस्तेमाल का आह्वान किया था, जो कुटीर उद्योग को बढ़ावा देने का प्रतीक है। साथ ही ग्रामीणों को हुनरमंद बनाने का भी सन्देश देता था। वे जानते थे कि सिर्फ खेती-किसानी से किसान और ग्रामीण आत्मनिर्भर नहीं बन सकते हैं. आज का "मेक इन इण्डिया"इसी स्वदेशी आन्दोलन का विस्तार है, जिसे मजबूत बनाकर देश के निर्यात में तेजी लाई जा सकती है और आयात पर से हमारी निर्भरता को कम किया जा सकता है। आर्थिक गतिविधियां ग्रामीण परिवार को आत्मनिर्भर बनायेंगी और उनका योगदान जीडीपी यानी देश के विकास में सुनिश्चित किया जा सकेगा। गांधी जी ट्रस्टीशिप सिद्धांत के पैरोकार थे, जो ऐसा सामाजिक-आर्थिक दर्शन था, जिसके अनुसार अमीर व्यक्तियों को अपनी संपत्ति पर 'ट्रस्टी' की तरह व्यवहार करना चाहिए और उन्हें केवल व्यक्तिगत लाभ के बजाय समाज के कल्याण के लिए उपयोग करना चाहिए, लेकिन एकाध अपवाद को छोड़कर आज ऐसा न तो हो रहा है और न ही होने की संभावना है। निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि मौजूदा आर्थिक असमानता की खाई को कम करना संभव नहीं है, लेकिन अगर सरकार और आमजन गांधी जी के आर्थिक व सामाजिक दर्शन को अमलीजामा पहनाते हैं तो निश्चित रूप से असमानता की खाई को कुछ हद तक पाटा जा सकेगा।

# बढ़ रहे अरबपति और सिमट रहा अंत्योदय संकल्प



**चुनौती**
विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र स्तंभकार

कुछ दिन पहले एमउएम हुरुन इंडिया ने भारत के सबसे अधिक धनी व्यक्तियों की 2025 की सूची जारी की है। सूची में क्रमांकित अरबपतियों के पास जो चल-अचल संपत्तियां व परिसंपत्तियां हैं, इनका कुल मूल्य भारतीय जीडीपी के लगभग आधे हिस्से के बराबर है। विश्व में चतुर्थ सर्वाधिक धनी देश, विगत कई तिमाहियों से निरंतर 5 प्रतिशत मूल्य वृद्धि के साथ पुष्ट होती भारतीय अर्थव्यवस्था, वस्तु एवं सेवा कर क्रियान्वयन की सुगमता तथा दो कम मूल्य की कर श्रेणियों की घोषणा के बाद, भारत में अरबपतियों की बढ़ती संख्या का समाचार एक साधारण दृष्टिकोण के साथ तो देशवासियों को गर्वबोध से संचित कर सकता है, किंतु अरबपतियों की तुलना में जब जीविकाहीन व जीविकायुक्त दोनों प्रकार के करोड़ों निर्धनों की वास्तविकता सम्मुख प्रकट होती है, तो अर्थभेद का दुर्बोध भी होता है। यह सत्य देश में धनिकों एवं निर्धनों के मध्य बढ़ते वास्तविक अंतराल का दोष भी परिलक्षित करता है। देश में श्रमिक वर्गीय निम्न मध्यम परिवारों से संबंध रखने वाली अधि जनसंख्या आर्थिक रूप में अभी भी स्वावलंबी नहीं बन सकी है।

## कर्मियों को जीविका का संकट

इस कुल मनुष्य संख्या में जो जीविका रहित हैं, वे तो अर्थपरतंत्रता से बंधे ही हुए हैं, किंतु जो निम्न स्तरीय व कम वेतन वाली नौकरियों में लगे हुए हैं, वे भी बस जैसे-तैसे अपने व परिवार की जीविका से बंधकर निरंतर आर्थिक अवनति से ग्रस्त हैं। आज भी लघु-दीर्घ-मध्यम स्तरीय कई निजी उद्योगों, कंपनियों, संस्थानों में कर्मचारियों के सम्मुख जीविका का संकट खड़ा है। अनेक कर्मचारी कार्य करते हुये भी वेतन विलंब व विसंगतियों से त्रस्त हैं।

शासन द्वारा स्थापित श्रमिक न्यायालय व तंत्र निष्प्रभावी बने हुए हैं। देशभर में अशासकीय निजी कर्मचारियों के निर्धारित जीविका अधिकार, वेतन व पदोन्नति के अधिकार तथा अनेक अन्य सहायक प्रोत्साहन मौद्रिक अधिकार गहन संकट में हैं। निजी उद्योगों व कंपनियों के साथ लघु कार्य अनुबंधकों, एकल स्वतंत्र कर्मचारियों तथा अन्य क्रेताओं-विक्रेताओं के पदाधिकार से संबद्ध लोगों को एक निर्धारित समय पर उनका वेतन नहीं मिलता। वर्षों तक वे एक ही मूल्य पर अपनी सेवायें देते रहते हैं। इसके विपरीत ऐसे करोड़ों-करोड़ कर्मचारियों, श्रमिकों, रोजगाररत लोगों की तुलना में लाखों की संख्या में उपस्थित शासकीय कर्मचारियों का मूल वेतन तथा सहायिकियां प्रतिवर्ष बढ़ती हैं। इस परिस्थिति में शासन के सम्मुख ये प्रश्न रखना स्वाभाविक हो जाता है कि जब अर्थव्यवस्था की संपन्नता के बल पर देशभर में महंगाई नियंत्रित है तथा वस्तु व सेवा कर के अंतर्गत कम मूल्य की दो श्रेणियों के बन जाने पर अधिसंख्य वस्तुओं व सेवाओं के मूल्य में कमी होने लगेगी, तो फिर शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते कम करने की क्या आवश्यकता थी। यदि शासकीय कर्मचारियों के कल्याण बोध को केंद्र में रखकर ऐसा कर भी दिया है और वह प्रतिवर्ष ऐसा करता भी आया है, किंतु शासन का ध्यान निजी क्षेत्र में कार्यरत निम्न व मध्यम वर्गीय कर्मचारियों के मूल वेतन व महंगाई भत्तों की वार्षिक नियमित वृद्धि पर क्यों नहीं ठहरता? क्या शासकीय कर्मचारियों तथा निजी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों के लिए आवश्यक वस्तुओं व सेवाओं तथा विलासी वस्तुओं-सेवाओं के मूल्य में अंतर होता है? अरबपतियों की बढ़ती संख्या के साथ गरीबों के मौलिक जीवकाधिकारों के हनन का सत्य देश की अर्थसंपन्नता को विरोधाभासी बना रहा है।



**देश में धनिकों एवं निर्धनों के मध्य बढ़ते वास्तविक अंतराल का दोष परिलक्षित करता है। निम्न मध्यम परिवारों से संबंध रखने वाली अधि जनसंख्या आर्थिक रूप में अभी भी स्वावलंबी नहीं बन सकी है।**

## असंतुलन बना संघर्ष का कारण

आर्थिक विकास का यह असंतुलन राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक संघर्ष का कारण बनता है। शासन को इस दिशा में गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श करना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रौद्योगिकी के आगमन के उपरांत सेवायोजक सूचना-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी लाखों लोगों की साधारण व अविशिष्ट कार्य निष्पादन से जुड़ी नौकरियां या तो समाप्त हो चुकी हैं अथवा आसन्न संकट से घिरी हुई हैं। निजी क्षेत्रों में कार्यकारी घंटों में तो निरंतर वृद्धि होती आयी है किंतु प्रतिफल में मौद्रिक एवं पदोन्नति का प्रोत्साहन पहले की तरह अत्यंत सीमित है। इन परिस्थितियों में अरबपतियों की संख्या में होने वाली वृद्धि हो अथवा अर्थव्यवस्था की निरंतर प्रगति, सार्वजनिक जीवन बोध को अंत्योदय के अनुभव से वंचित रखती है।



MARUTI SUZUKI

NEXA

# CELEBRATIONS JUST GOT BIGGER.

## WITH GST BENEFITS + *LIMITED PERIOD FESTIVE OFFERS

| | PRICE REDUCTION OF UP TO# | NOW STARTING AT# | ADDITIONAL FESTIVE OFFERS OF UP TO* |
|---|---|---|---|
| FRONX | ₹ 1 12 600 | ₹ 6 84 900 | ₹ 75 000 |
| GRAND VITARA | ₹ 1 07 000 | ₹ 10 76 500 | ₹ 2 10 000 + 5 Year Extended Warranty |
| BALENO | ₹ 86 100 | ₹ 5 98 900 | ₹ 92 500 |
| IGNIS | ₹ 71 300 | ₹ 5 35 100 | ₹ 85 000 |
| INVICTO | ₹ 61 700 | ₹ 24 97 400 | ₹ 1 55 000 |
| XL6 | ₹ 52 000 | ₹ 11 52 300 | ₹ 55 000 |
| JIMNY | ₹ 51 900 | ₹ 12 31 500 | ₹ 1 10 000 |



SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU

*FESTIVE OFFERS VALID TILL 6TH OCT ONLY

NEXA SAFETY SHIELD

UP TO 100% WAIVER ON CAR LOAN PROCESSING FEE (ONLY TILL 31ST OCT)##

E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM

Contact us at 1800-200-6392 1800-102-6392

For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers and features may vary subject to the model and variant purchased. *The mentioned offers include "Consumer Offer + Booking offer + Exchange Bonus + Rural offer", and may vary from city to city. Please contact nearby dealership for more details. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 6th October '25 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan India. Maruti Suzuki Subscribe is available only in selected cities. ##Offers include consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offers (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of the financer by selected finance partners. #Prices and savings mentioned above are for select variants and may vary across cities/ variants.

# किस बात की है इतनी जल्दबाजी !

कवर स्टोरी
डॉ. गरिमा संजय दुबे

आज के दौर की जीवनशैली इतनी तेज हो चुकी है कि हर कोई, सब कुछ तुरंत पा लेना चाहता है। तुरंत सफल न होने पर हम तनाव और अवसाद से घिर जाते हैं। जल्दबाजी की इस प्रवृति के कारण हम जीवन का आनंद लेना ही भूलते जा रहे हैं। ऐसे में बहुत जरूरी है कि हम जरा ठहरें और जीवन को संतुलन के साथ जीने का प्रयास करें।



**महान संत कवि कबीर दास का प्रसिद्ध दोहा है-**

धीरे-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय।
माली सींचे सौ घड़ा, ऋतु आवे फल होय।।

इसमें कबीर दास जी कहते हैं कि मन में धीरज रखने से ही सब होता है। यानी किसी कार्य को पूरा होने में निर्धारित समय लगता है। इसलिए अनावश्यक जल्दबाजी या अधीर होना सही नहीं है।

अकसर लोग यह भी कहते सुने जाते हैं कि समय से पहले और भाग्य से अधिक कुछ नहीं मिलता। यदि यहां भाग्य को नकार भी दिया जाए तो समय को तो नकारा नहीं जा सकता। लेकिन आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी और उस पर दिखावे के साथ भौतिकतावादी तत्वों के आकर्षण ने केवल युवा ही नहीं प्रौढ़ और अधेड़ उम्र के व्यक्तियों को भी अपनी चपेट में ले लिया है। इस वजह से लोगों में धीरज कम होता जा रहा है। हर कोई सब कुछ जल्द से जल्द पा लेना चाहता है। क्यों बढ़ रही है यह मनोवृत्ति, इसके क्या हैं परिणाम और इससे बचने के उपायों के बारे में हम सभी को विचार करना जरूरी है।



## पहचान पाने की होड़

यह सही है कि इस दुनिया में हर इंसान अपनी अलग विशिष्ट पहचान बनाने के लिए संघर्ष करता है, करना भी चाहिए। लेकिन आज यह प्रवृत्ति बड़ी तेजी से असंतुलन का कारण बनती जा रही है। एक-दूसरे से अंतहीन होड़, उसकी कमीज मेरी कमीज से सफेद कैसे की तर्ज पर, अब यह अहंकार पुष्टि का पर्याय भी बनती जा रही है। अपनी अलग पहचान बनाने की इच्छा बुरी नहीं है, लेकिन उसकी हड़बड़ी जरूर व्यक्तित्व में असंतुलन पैदा कर सकती है। सब कुछ एक साथ, अभी के अभी मुझे मिल जाए। मैं हर जगह मौजूद रहूं, हर कहीं, पुरस्कार केवल मेरे हिस्से में आएं, केवल मेरी ही चर्चा हो, सब मुझे चाहें, सब मुझे सराहें, केवल मेरे पास ही सब हो, सब मेरी सुनें, सब मेरे ज्ञान से लाभान्वित हो (गोया कि ज्ञान पर केवल आपका कॉपीराइट है) और मैं इस वाह-वाह के बादलों पर सवार हो उड़ान भरूं। ऐसी सोच ना तो पूरी तरह व्यावहारिक है और ना ही सही कही जा सकती है।

## सोशल मीडिया की भूमिका

वास्तव में देखा जाए तो पहले की तुलना में पहचान का संकट अब उतना रहा नहीं है कि आपमें कोई विशिष्ट गुण हो और आप अनदेखे रह जाएं। सोशल मीडिया ने प्रचार-प्रसार के तमाम साधन उपलब्ध करवाए हैं। हालांकि सोशल मीडिया के कई लाभ हैं तो कई नुकसान भी हैं। इसके जरिए पॉपुलर होने की धुन में इन दिनों रील बनाने की लत युवाओं को लग गई है। इस लत के चलते कई बार सफलता मिलने के बाद फिर फॉलोअर्स में कमी आने पर युवा अवसाद में भी चले जाते हैं। इससे आत्महत्याओं की खबरें भी आती रहती हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं। सोशल मीडिया के जरिए रातों-रात सफलता मिलने पर उसे सही तरीके से संतुलित करने का प्रयास होना चाहिए और उसकी लत से जीवन समाप्त कर देने की अति से भी बचा जाना चाहिए। यही नहीं इंस्टेंट सक्सेस की चाह आज के दौर में सब कुछ बहुत तेजी से बदल रहा है। जीवनशैली में इस भाग-दौड़ की प्रवृत्ति का यह असर है कि लोग कामयाबी भी जल्दी हासिल करना चाहते हैं। इसके साथ ही आजकल कुछ लोग, दूसरे सफल लोगों की उपलब्धियों को देख-देखकर हीनभावना से ग्रसित होने लगते हैं। सफलता पाने की आस कतई गलत नहीं है। सबके अपने-अपने लक्ष्य होते हैं, जिन्हें पाने का वे प्रयास करते हैं। लेकिन जीवन में कोई भी बड़ी सफलता इंस्टेंटली नहीं मिलती है। हमें नहीं भूलना चाहिए कि बड़ी सफलता पाने के लिए सधी हुई निरंतर गति, प्रयास और स्तरीय रचनाधर्मिता जरूरी होती है। लक्ष्य की प्राप्ति, धैर्य के साथ सही प्रयास की मांग करती है। स्थायी सफलता, छोटे-छोटे लेकिन सार्थक कदमों का परिणाम होती है।

## सबकी क्षमताएं होती हैं भिन्न

किसी को सफल देखकर हम यह नहीं सोचते कि उस व्यक्ति की क्षमता, योग्यता, समय की उपलब्धि, जिम्मेदारियों का प्रकार अलग हो सकता है। आमतौर पर किसी को सफल देखकर हम दो तरीके से प्रतिक्रिया देते हैं। एक, जब वो कर सकता या सकती है तो मैं क्यों नहीं? दूसरी, अरे उनके पास कोई काम-काज है नहीं, फुर्सत रहती है, इसलिए बस लगे रहते हैं। भई हमें तो और भी बहुत काम हैं। इसलिए उनके जैसी सफलता नहीं पा सके। दोनों ही प्रतिक्रियाएं अतिवादी हैं और गलत भी। न तो हर कोई हर कार्य कर सकता है और न ही वो इसलिए अच्छा काम कर पा रहा है, है क्योंकि उसके पास फालतू का टाइम रहता है। आपको समझना चाहिए कि उस व्यक्ति की लगन, प्रयास और समय प्रबंधन आपसे बेहतर है। जिस तरह यह कहा जाता है कि हर बच्चा एक जैसा नहीं होता, सबकी अपनी-अपनी क्षमता होती है, ठीक यही बात बड़ों को भी समझनी होगी कि हम सब भिन्न-भिन्न प्रकृति के, भिन्न-भिन्न योग्यता वाले इंसान हैं। कोई कवि है, कोई खिलाड़ी, कोई अच्छा खाना बनाता है तो कोई अच्छा गाता है, कोई सामाजिक स्तर पर सक्रिय है तो कोई घरेलू मोर्चे पर सफल है, किसी ने जॉब को प्राथमिकता माना है तो किसी ने घर को, हममें से कोई भी असफल नहीं है। हमें अपने क्षेत्र में प्रवीणता हासिल कर सफल होने का प्रयास करना चाहिए, न कि दूसरों की नकल करके या उससे ईर्ष्या करके उस क्षेत्र में प्रयास करना चाहिए, जिसकी प्रतिभा हम में है ही नहीं।



## खुद को ना मानें असफल

ऐसा सोचना सही नहीं है कि जिसकी चर्चा अधिक होती है, तो वह सफल है। यदि किसी व्यक्ति में दुनिया को बताने या चर्चित होने के लिए कोई विशेष गुण न भी हो, तो भी वह एक व्यक्ति एक इकाई के रूप में तो सफल है ही। आखिर हम पर सफलता का इतना दबाव क्यों होना चाहिए? हमें सोचना चाहिए कि इससे क्या फर्क पड़ता है, यदि मुझे कुछ कम लोग जानते हैं? किसी को 2000 लोग जानते हैं और किसी को 500 तो क्या फर्क पड़ जाएगा? आपकी सफलता का मानक सिर्फ आपकी सोशल पॉपुलैरिटी पर निर्भर नहीं करता है। इसका एक मानक यह भी है कि आपकी अपने परिवार, अपने सोशल और फ्रेंड सर्कल में कैसी इमेज है? आप अपने दायित्वों का कितनी अच्छी तरह से निर्वहन करते हैं?

## सही नहीं जल्दबाजी का तनाव

यह कहना गलत नहीं होगा कि आधुनिक जीवनशैली ने स्लो एंड स्टेडी की जगह हमें फास्ट एंड फ्यूरियस बना दिया है। धैर्यवान की जगह हम में से अधिकतर अधीर होते जा रहे हैं। शांति के बजाय मन में बेचैनी सी छाई रहती है। अपने साथ दूसरों की उन्नति देख प्रसन्न होने की जगह ईर्ष्या का भाव जन्म लेने लगता है। सफलता की चाह में सक्रिय होने के बजाय हाइपर एक्टिव होते जा रहे हैं हम। इससे हम अनचाहे तनाव से घिरकर अपने जीवन को अशांत और अव्यवस्थित बना लेते हैं। ऐसे में ठहरकर विचार करने की जरूरत है। कहते हैं, 'अति सर्वत्र वर्जयेत।' जरूरत से अधिक सक्रियता, तेजी और जल्दबाजी, स्वास्थ्य और मानसिक स्थिरता को नष्ट कर देती है। थोड़ा धैर्य और थोड़ी स्थिरता से हम बेहतर परिणाम पा सकते हैं। *

न्यू लाइफस्टाइल / अंशु सिंह



जेन जी यानी बिल्कुल नई पीढ़ी के बच्चे और युवा, हाथ से लिखने के बजाय कीपैड पर कंपोज करना आसान मानते हैं। लेकिन हैंड राइटिंग से बढ़ती यह दूरी, इस पीढ़ी के लिए किस तरह नुकसानदेह है, इस बारे में ध्यान देने की जरूरत है।

# हैंड राइटिंग से बच रही जेन जी

आज की डिजिटल तकनीक के विस्फोट ने जहां हमारे संवाद और सीखने के तरीके को बदल दिया है। दूसरी ओर बच्चों की मोबाइल फोन और वीडियो गेम्स की लत से पहले से परेशान पैरेंट्स, अब उनकी लिखावट को लेकर भी चिंतित रहने लगे हैं। खासकर जेन जी पीढ़ी (पीयू रिसर्च के मुताबिक, जेन जी यानी जेनरेशन जेड, वह पीढ़ी है, जो 1997 और 2012 के बीच पैदा हुई है। इन्हें



जूमर्स या पोस्ट मिलेनियल्स भी कहते हैं।) पेन और पेंसिल से बचने लगी है। इसलिए वे हाथ से लिखना भूलते जा रहे हैं, जो चिंता का विषय है। अध्ययनों के अनुसार, हाथ से लिखना साक्षरता और संज्ञानात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण होता है।

**नहीं लिखना चाहती नई पीढ़ी:** कोविड के दौरान जब ऑनलाइन क्लासेज का सिलसिला शुरू हुआ, तो बच्चों का डिजिटल समय पहले से कई गुणा बढ़ गया। उस दौर में शिक्षा जारी रखने का दूसरा कोई विकल्प भी नहीं था। लेकिन एक समय के बाद शिक्षकों और पैरेंट्स दोनों को आभास हुआ कि बच्चे लिखना नहीं चाह रहे। वे हाथ से लिखने से बच रहे हैं। अब स्टेवांगर यूनिवर्सिटी का एक अध्ययन बताता है कि करीब 40 फीसदी जेन जी पीढ़ी हस्तलिखित संवाद पर अपनी पकड़ खोती जा रही है। उनकी लेखनी में न सफाई दिखाई दे रही है और न ही स्पष्टता।

**डिजिटल मीडिया ने बदला संवाद का तरीका:** दरअसल, डिजिटल टेक्नोलॉजी और सोशल मीडिया ने आपस में संवाद के पूरे तरीके को ही बदल दिया है। बच्चे हों या नौजवान, सभी वाट्सएप, टेलीग्राम, स्नैपचैट पर संक्षिप्त संदेशों या इमोजी के जरिए अपनी बात रखना पसंद करते हैं। कम से कम शब्दों में सूचनाएं देने की कोशिश करते हैं। कई बार सिर्फ 10 शब्दों में पूरी बात खत्म हो जाती है। ये स्लैंग के माध्यम से साझा किए गए छोटे विचार होते हैं। इससे लिखने की आदत छूटती जा रही है। स्टेवांगर यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेदरेट किलिसेरी ने जब इस प्रवृत्ति पर शोध किया तो पाया कि इन दिनों कॉलेज स्टूडेंट्स के पास बुनियादी लेखन कौशल की कमी होती जा रही है। वे लंबे वाक्य संरचनाओं के बजाय छोटे वाक्य लिख रहे हैं। कलम की जगह की-बोर्ड का प्रयोग करने के कारण कई स्टूडेंट्स के लिए कागज पर खुद को ठीक से अभिव्यक्त करना मुश्किल हो रहा है। वे न पत्र लिख पाते हैं और न ही औपचारिक ई-मेल। यही पीढ़ी जब वर्कफोर्स का हिस्सा बनती है तो उन्हें कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनकी प्रेजेंटेशन स्किल से लेकर अन्य कौशल प्रभावित होते हैं।

**हस्तलिपि से बढ़ती है याद्दाश्त:** शिक्षा में हस्तलेखन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो संज्ञानात्मक विकास, सीखने की क्षमता को बनाए रखने और शैक्षणिक प्रदर्शन में योगदान देता है। जब बच्चे हाथ से लिखना सीखते हैं, तो उनके मस्तिष्क के कई क्षेत्र सक्रिय होते हैं, जो गतिशील कौशल, स्मृति और भाषा अधिग्रहण के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। इसके अलावा, यह प्रक्रिया तंत्रिका संबंधों को बढ़ाती है, जो पढ़ने और लिखने में सहायक होते हैं। साक्षरता और समग्र संज्ञानात्मक विकास की नींव रखते हैं। हस्तलेखन केवल संज्ञानात्मक लाभ ही नहीं प्रदान करता, यह रचनात्मकता और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को भी बढ़ावा देता है। प्रत्येक छात्र की अनूठी लेखन शैली उनके आत्मविश्वास और संलग्नता को बढ़ा सकती है, जिससे सीखने का अनुभव अधिक व्यक्तिगत और सार्थक बन जाता है। इसके अतिरिक्त, हस्तलेखन अनुशासन और




एकाग्रता को बढ़ावा देता है। इससे याद्दाश्त तेज होती है। तभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले नोट्स बनाने पर ध्यान देते हैं। लिखने का अभ्यास करते हैं।

**मानसिक रोगों से निपटने में मददगार:** नॉर्वेजियन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में न्यूरोसाइकोलॉजी की प्रोफेसर ऑड्रे वैन डेर मीर के अनुसार, हाथ से कुछ लिखना, टाइप करने की तुलना में मस्तिष्क पर अलग तरह से प्रभाव डालता है। इससे छात्र लिखी गई जानकारी को बेहतर ढंग से याद रख पाते हैं। कोई भी पीढ़ी हस्तलिपि के फायदों को नजरअंदाज नहीं कर सकती, क्योंकि हाथ से लिखने के अनेक लाभ हैं। इससे अलग हटकर सोचने में मदद मिलती है। यह दिमाग को दैनिक दिनचर्या से हटकर खुद को अभिव्यक्त करने की आजादी देता है। अकसर जब हमारा मन किसी खास चिंता में घिरा रहता है, तो हाथ से लिखने पर विचारों की गति धीमी होती जाती है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि हस्तलेखन से अवसाद और चिंता दूर होती है। *

## शरद पूर्णिमा

दोहे
प्रो. शरद नारायण खरे



अमिय बरसता चांद से, मंगलमय है नेह।
हृदय नवल आवेग में, हुई तरंगित देह।।
शशि की किरणें शुभ्र हैं, अंतर में आनंद।
पूर्णमासी आ गई, सबको आज पसंद।।
प्रीति चढ़ी परवान है, मादक हुए विचार।
तम ने खाई मात है, निखर रहा उजियार।।
प्रेमातुर संसार है, वादों का विस्तार।
सबको आकर्षित करे, देखो अब अभिसार।।
छत पर बैठा है युगल, ले हाथों में हाथ।
चंदा भी देने लगा, प्रेमपगों का साथ।।
खिलती ज्योत्स्ना भली, बांट रही जो प्यार।
खीर खा रहा है जगत, बढ़ने लगा दुलार।।
शरद निशा चोखी हुई, बनी एक सौगात।
कोमल है अब चेतना, दिव्य हुए जज्बात।।
शरद चांद में है दमक, नया हुआ संसार।
प्रकृति पा गई प्रेम का, अनुपम नव उपहार।।

# मंत्री जी का जंगलारोपण इवेंट

व्यंग्य / अशोक गौतम



मंत्री जी ने चमचों के साथ दो घंटे से चल रही गप्पों की गंभीर बैठक अचानक रोकी और पीए को बुलाया, 'पीए साहब! इस महीने के सारे जनहित काम हो गए न? देखो, हमें पेंडेंसी कतई पसंद नहीं।'

'जी जनाब! आपके चुनाव क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त एरिया का भाभी जी ने पूरा दौरा कर लिया। वह भी एक बार नहीं, चार-चार बार ताकि चुनाव क्षेत्र का कोई भी बाढ़ग्रस्त कोना उनकी आंखों से ओझल न रहे। आपके बाढ़ प्रभावितों के प्रति संवेदनाओं को लेकर जितने प्रेस नोट और फोटो अखबारों में छपे, वे दूसरे मंत्रियों से दुगने ही छपे। बधाई हो सर!'

'गुड! वैरी गुड! और अब इस माह का बचा क्या है जनता को करने को?'

'सर! सॉरी! एक बात तो बताना भूल ही गया था।' कहते हुए पीए ने अपना सिर झुका लिया तो मंत्री जी ने पूछा, 'क्या?'

'सर! बरसात गुजर गई। पर सर, इस बार आपके कर कमलों द्वारा अब तक सद्भावना का पौधा नहीं लगा।'

'क्यों?'

'सर आप जनहित के दूसरे कामों में व्यस्त ही इतने थे कि मुझे लगा आप ओवर लोडेड हो जाएंगे। लेकिन सर! हर साल आपका पर्यावरण बचाने के लिए पौधा लगाना बहुत जरूरी है। आपका लगाया एक पौधा लाखों पौधों में जान फूंकता है सर! जब तक आप पौधा नहीं लगाते, जनता भले ही कितने ही पौधे क्यों न लगा ले, उनका कोई महत्व नहीं होता। वे पर्यावरण की रक्षा नहीं कर पाते। वे जंगल नहीं बन पाते।'

'पर, ये इतना जरूरी है क्या?' मंत्री जी ने पूछा।

'सर! आपको पर्यावरण हित में पौधा हर हाल में लगाना होगा। अगर आप पौधा नहीं लगाएंगे तो ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ जाएगी। अगर आप पौधा नहीं लगाएंगे तो अगले साल बसंत में ही लू चलनी शुरू हो जाएगी। इसलिए जनहित में आपको पौधा लगाना ही होगा सर!'

'अच्छा! पर यार लगाएंगे कहां?'

'इसका भी इंतजाम मैंने कर लिया है सर! आप अपने ऑफिस में ही जंगलारोपण करेंगे।' 'ऑफिस में! यहां मेरे कठोर अनुशासन के डर से पौधा सूख गया तो?'

'ऐसा नहीं होगा! सर! आपके लगाए पौधे आज तक सूखे कहां जो यह पौधा सूख जाएगा? आपके हाथों में वह जादुई शक्ति है, जो आप सूखे बांस की टहनी भी लगाएं तो वह भी दूसरे ही दिन बिन खाद पानी के हरी हो जाए। आप जैसे जनसेवक लोकतंत्र में युगों बाद जनता की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं सर।' पीए ने चमचों के सामने उनमें हवा भरी तो जनाब आसमान में पहुंच गए।

'तो इसके लिए करना क्या होगा? इतनी जल्दी इवेंट मैनेज हो जाएगा क्या?' मंत्री जी आर्टिफिशियली गंभीर हुए, 'क्यों नहीं जनाब! बंदा है किसलिए? अभी प्रेस नोट बनाकर भेज देता हूं कि कल मंत्रीजी अपने ऑफिस में जंगलमहोत्सव मनाते प्रेम भाईचारे, तप, त्याग का अजर अमर कल्पवृक्ष लगा रहे हैं। इस अवसर पर वे एक और वृक्ष पर्यावरण को समर्पित करेंगे।'

'और भीड़ का क्या होगा?'

'आप चिंता न करे जनाब! आपके विभाग के सारे अफसर बुला लिए जाएंगे। वे और करते भी क्या हैं सर? और आपके जंगल-महोत्सव में जो सबसे हटकर होगा वह ये कि सब हरे कपड़े, हरे जूते, हरे मौजे, मुंह पर हरा रंग पोते आएंगे ताकि पौधा लगने से पहले ही वातावरण हरा-भरा हो जाए।' 'पर पौधा किस चीज का लगाएंगे? तुम्हें तो पता है कि हम सेकुलर कम नॉन सेकुलर हैं। सब में पौधे को लेकर भी मेरी तरह भ्रम की स्थिति बनी रहनी चाहिए।'

'सब समझ गया जनाब! आप चिंता न करें। ऐसा ही होगा। सर! अब बजट की बात भी हो जाए तो?'

'बजट कितना?'

'सर! मोटा-मोटा एक लाख रख लीजिए। आपके जंगलारोपण के बाद सबको लंच, गमले में लगा नॉन सेकुलर कम सेकुलर पौधा देंगे।'

'डोंट वरी, बस! इवेंट चकाचक हो जाए हर बार की तरह! और हां! मीडिया को बता देना कि पौधे से अधिक फोकस मुझ पर हो।'

'मेरे होते हुए चिंता की कोई बात नहीं जनाब!' पीए साहब ने उन्हें हद से अधिक आश्वस्त किया और कल के मंत्री जी के जंगल-महोत्सव हेतु उनके विभाग के मुखियाओं को अपने कमरे में आ मंत्री जी से भी अधिक गंभीर हो आवश्यक दिशा निर्देश देने में जुट गए। *

**इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार**

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ–



मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राईड ऑफ एम.पी. अवार्ड दिया।

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

NBC@

**डॉ. प्रमोद पहारिया**
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन– सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क – 7354858466
www.nonsurgicalspinecentre.in

# भारत के इतिहास में पहली बार जीवन भर मुफ्त बिजली

## मात्र 5 हजार रुपए प्रति किलोवाट के दर से भुगतान करके आज ही बुक करें सोलर सिस्टम एवं गिफ्ट पाए 20 हज़ार* से 5 लाख* तक का

एडवांस सोलर द्वारा चलाया जा रहा है "हर घर सोलर अभियान" योजना एवं "सोलर क्रांति "योजना छत्तीसगढ़ प्रत्येक जिला के प्रथम 100 बुकिंग हेतु मान्य

**भारत सरकार की पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार से पाये सब्सिडि 108000/-एवं 30 वर्षो के अनुभव एवं विश्वास के साथ एडवांस इंटरनेशनल ग्रुप अब सोलर के क्षेत्र में क्रांति ला रही है। केंद्रे एवं राज्य सरकार की सब्सिडी के अतिरिक्त एडवांस सोलर कंपनी की तरफ से गिफ्ट मूल्य 30 हजार से 5 लाख* तक**


छत्तीसगढ़ के सभी गाँव, ब्लॉक, तहसील एवं जिला हेतु-मुफ्त बिजली अब सबके लिये मुफ्त बिजली के साथ अब अतिरिक्त बिजली बेचकर कमा भी सकते है

| क्षमता | कुल सब्सिडी केंद्र सरकार + राज्य सरकार + एडवांस सोलर कंपनी द्वारा सब्सिडी* ("हर घर सोलर" अभियान योजना के तहत) | एडवांस सोलर कंपनी द्वारा गिफ्ट / डिस्काउंट (on MRP) | सभी ऑफर का लाभ लेने के के बाद अनुमानित मासिक EMI | मासिक बिजली बचत रुपये* (लगभग) |
|---|---|---|---|---|
| 2kw | 95,000/- 60,000 + 30,000 + 5000 | 20,000/- | 290/-* | ₹ 1600 से 2000 तक |
| 3kw | 118,000/- 78,000 + 30,000 + 10,000 | 30,000/- | 650/-* | ₹ 2400 से 3000 तक |
| 4kw | 118,000/- 78,000 + 30,000 + 10,000 | 30,000/- | 1050/-* | ₹ 3200 से 4000 तक |
| 5kw | 118,000/- 78,000 + 30,000 + 10,000 | 40,000/- | 1670/-* | ₹ 4000 से 5000 तक |
| 8kw | 118,000/- 78,000 + 30,000 + 10,000 | 80,000/- | 3543/-* | ₹ 6400 से 8000 तक |
| 10kw | 128,000/- 78,000 + 30,000 + 20,000 | 1,40,000/- | 4668/-* | ₹ 8000 से 10,000 तक |
| 15kw | --------/- | 160,000/- | 7664/-* | ₹ 15,000 से 18,000 तक |
| 20kw | --------/- | 2,00,000/- | 10219/-* | ₹ 20,000 से 25,000 तक |
| 25kw | --------/- | 2,00,000/- | 12774/-* | ₹ 25,000 से 30,000 तक |
| 50kw | --------/- | 5,00,000/- | 24700/-* | ₹ 50,000 से 60,000 तक |

EMI Calculation 6.5% , It May Very As Per Civil Score And Bank

**आज ही एडवांस सोलर रायपुर सिटी ऑफिस विजिट करें एवं स्पॉट बुकिंग करके आकर्षक गिफ्ट घर ले जाए।**






**2.4 kw topcon solar system with 3kw inverter after all subsidy deduction Only at 55000/-***

**अब दिन हो या रात-सीएसईबी की बिजली कट होने पर भी एडवांस हाइब्रिडसोलर से आपके घर की बिजली जलती रहेगी**

सोलर पैनल - गौतम, अडानी,वारी, विक्रम, माइक्रोटेक, आइकॉन

स्ट्रक्चर (फ्रेम)- हैवी गैल्वेनाइज्ड आयरन

केबल्स- फिनोलेक्स, हैवल्स, माइक्रोटेक

इन्वर्टर - हैवल्स, पॉलीकैब, लुमीन्स, एडवांस-पीवी ब्लिंक

सोलर पैनल वारंटी- 30 वर्ष , इंवर्टर वारंटी- 10 वर्ष, फ्री सर्विस 5 वर्ष

2 KW से 20KW तक के लिये बैंक फाइनेंस उपलब्ध

# सोलर क्रांति योजना

**ग्रुप कनेक्शन लीजिए और पाइए अतिरिक्त कैश डिस्काउंट**

2,5,10 सोलर कनेक्शन एक साथ लेने पर प्रति कनेक्शन उतने हज़ार का डिस्काउंट प्रत्येक कनेक्शन पर मिलेगा-

यदि आप 10 सोलर कनेक्शन एक साथ लेते है तो 10 हज़ार का डिस्काउंट सभी 10 सोलर कनेक्शन पर मिलेगा ( 2 से 10 कनेक्शन तक )

(ऑफर केवल 25 सितंबर से 5 अक्टूबर 2025 तक)

**4.8 kw topcon solar system with 5 kw inverter after all subsidy deduction Only at 142000/-***

# OTP डिस्काउंट ऑफर

पूर्ण भुगतान एक बार में कीजिए एवं ओटीपी (वन टाइम पेमेंट)डिस्काउंट ऑफर में अतिरिक्त डिस्काउंट का लाभ लेवे ।

- 3 kw -3000/- OTP discount
- 8 kw-8000/- OTP discount
- 5 kw-5000/- OTP discount
- 10 kw-10000/- OTP discount

## एडवांस सोलर कंपनी द्वारा सोलर सिस्टम लगवाने के फायदे

- सर्विस इंडस्ट्री का सर्वाधिक 30 वर्षो का अनुभव
- सबसे ज़्यादा 30 वर्ष वारंटी सोलर पैनल में एवं 10 वर्ष रिप्लेशमेंट वारंटी इन्वर्टर में
- टॉप कॉन एन कट 600 वाट का सोलर मॉड्यूल तकनीक का उपयोग
- ई-बीम फायर प्रूफ डीसी वायर का उपयोग करने वाली एक मात्र कंपनी
- छतीसगढ़ की सबसे बड़ी टीम प्रत्येक ब्लॉक,तहसील एवं शहर हेतु
- 'सोलर क्रांति' एवं 'हर घर सोलर अभियान' सहित फ्री गिफ्ट एवं डिस्काउंट ऑफर

## एडवांस सोलर सिस्टम लगाने हेतु लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करें

- उपभोक्ता द्वारा सोलर सिस्टम लगाने हेतु आवेदन फार्म / कोटेशन लिंक पर जाकर प्राप्त करें।

www.advancesolar.in पर भी आप आवेदन कर सकते है या इस लिंक के माध्यम से भी आप आवेदन कर सकते है https://advancesolar.in/quotation.php

### स्थायी जॉब हेतु आवेदन

- एडवांस सोलर कंपनी संपूर्ण छत्तीसगढ़ में 700 से अधिक कर्मचारियों की नियुक्ति कर रही है
- एडवांस सोलर कंपनी में सेल्स/मार्केटिंग/इंस्टालेशन जॉब हेतु आवेदन करे

call/whatsapp 9109969106

Www.advancesolar.in पर भी आप आवेदन कर सकते है या इस लिंक के माध्यम से भी आप आवेदन कर सकते है https://advancesolar.in/condidate/form.php

### डीलरशिप ऑफर

एडवांस सोलर कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ब्लॉक, तहसील एवं जिला हेतु डीलर बनने का ऑफर दिया जा रहा है । आज ही एडवांस सोलर कंपनी का डीलर बने एवं कमाये 2 लाख से 10 लाख तक प्रतिमाह । अपने क्षेत्र में डीलर बनने हेतु आवेदन हेतु करे

Call/whatsapp - 8839871093

www.advancesolar.in पर भी आप आवेदन कर सकते है या इस लिंक के माध्यम से भी आप आवेदन कर सकते हैhttps://advancesolar.in/dealer.php

### कंपनी चैनल पार्टनर ऑफ़र

बिना किसी लागत के एडवांस सोलर का चैनल पार्टनर (एजेंट) बनने का सुनहरा मौका

जुड़िये भारत की तेजी से बढ़ती हुई कंपनी एडवांस इंटरनेशनल सोलर के साथ एवं पायें व्यवसाय के साथ बेहतर एवं सुरक्षित भविष्य के साथ ही लगभग 1 लाख तक या उससे अधिक आय प्रति माह पार्ट टाइम प्रतिदिन केवल 1 घंटा दे कर

कौन कौन बन सकते हैं कंपनी ऑथराइज़्ड चैनल पार्टनर

वर्तमान व्यवसायी | सरकारी कर्मचारी | प्राइवेट क्रमचारी | कोई भी महिला | संविदा कर्मचारी | एलआईसी एजेंट | किसान | एडवोकेट | जमीन /रियल एस्टेट एजेंट | टीचर/प्रोफेसर | आंगनबाड़ी कार्यकर्ता | सभी तरह के दुकानदार | कॉलेज स्टूडेंट | इंटेरियर /आर्किटेक्ट | डॉक्टर/इंजीनियर

www.advancesolar.in पर भी आप आवेदन कर सकते है या इस लिंक के माध्यम से भी आप आवेदन कर सकते है। https://advancesolar.in/channel.php

**ADVANCE SOLAR**
ONGRID -HYBRID SOLAR SYSTEM
DOMESTIC - COMMERCIAL - INDUSTRIAL
www.advancesolar.in
solaradvance4@gmail.com
Terms and condition apply

**City office** (For Customer Visit)
LAVISH LIFE BUILDING BESIDE MOWA BRIDGE, NEAR LODHIPARA CHOWK RAIPUR 91099 69109

**Technical office**
IIS CAMPUS KAVILAS NAGAR BHANPURI RAIPUR CG

**Regional office**
NEAR JAI BHOLE COMPLEX BESIDE MATA GARAJE PANDRI RAIPUR

**Warehouse**
NEAR RSPL KANHERA ROAD ACHHOLI URLA RAIPUR CG

ADVANCE SOLAR

**अधिक जानकारी हेतु एडवांस कंपनी जिला अधिकारी से संपर्क करें एवं इंजीनियर विजिट हेतु आज ही रजिस्ट्रेशन करायें.**

रायपुर-9109969107, दुर्ग- 9109969116, बालोद - 9109969110, बेमेतरा - 9109969107, कबीरधाम (कवर्धा) - 9109969116, राजनांदगांव - 9109969110, मुंगेली - 9109969109, बिलासपुर-9109969119, खैरागढ़ छुईखदान - गंडई-9109969107, मोहला - मानपुर-8839871093, उत्तर बस्तर- 7970288888, कोरिया- 8839871093, सरगुजा - 9109969109, बलरामपुर-रामानुजगंज-9109969125, सूरजपुर - 9109969110, जशपुर- 9109969107, कोरबा - 9109969116, गौरेला- पेंड्रा मरवाही- 9109969113, रायगढ़ - 9109969125, जांजगीर- चांपा-9109969110, सक्ती - 9109969125, महासमुंद - 9109969109, गरियाबंद - 9109969125, बलौदा बाज़ार-भाटापारा - 9109969119, धमतरी - 9109969125, कांकेर (उत्तर बस्तर) - 9109969113, नारायणपुर-9109969110, कोंडागांव-9109969119, बस्तर (जगदलपुर)- 9109969125, बीजापुर - 9109969116, सुकमा - 9109969107 दंतेवाड़ा (दक्षिण बस्तर) - 9109969110

Khanna Advt.

# महिला विश्व कप : भारत आजमाएगा बेंच स्ट्रेंथ का दम, पाकिस्तान से हाईवोल्टेज भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत और पाकिस्तान की पुरुष टीमों के बीच पिछले तीन रविवार नाटकीयता भरे मुकाबलों के बाद अब इस रविवार को दोनों देशों की महिला टीमें वनडे विश्व कप में आमने-सामने होंगी तो क्रिकेट कौशल से ज्यादा जज्बात की जंग रहेगी और भारत का पलड़ा एक बार फिर भारी रहने वाला है।

भारत और पाकिस्तान ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तमाम प्रारुपों में 27 मुकाबले खेले हैं, जिनमें से भारत ने 24 और पाकिस्तान ने तीन जीते हैं । पाकिस्तान को तीनों जीत टी20 प्रारुप में मिली है। वनडे क्रिकेट में भारत का शत प्रतिशत रिकॉर्ड है, जिसमें भारत ने दोनों टीमों के बीच खेले गए सभी 11 मैच जीते हैं।

## भारतीय टीम की नजरें नेट रनरेट बेहतर करने पर

भारत ने विश्व कप में पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया जबकि पाकिस्तान को बांग्लादेश ने सात विकेट से मात दी। पाकिस्तानी बल्लेबाज स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों का सामना नहीं कर सके। सभी टीमें एक एक मैच खेल चुकी हैं और भारत चौथे स्थान पर है। भारतीय टीम की नजरें अब नेट रनरेट बेहतर करने पर लगी होंगी, जो टूर्नामेंट के आखिरी चरण में काफी अहम हो जाता है ।

- महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में तमाम प्रारुपों में 27 मुकाबले हुए, जिनमें भारत ने 24 और पाकिस्तान ने 3 जीते
- वनडे क्रिकेट में भारत का शत प्रतिशत रिकॉर्ड, टीम इंडिया ने सभी 11 मैच जीते



## भारत की ताकत बल्लेबाजी

हरमनप्रीत कौर की टीम पूरे आत्मविश्वास के साथ इस मुकाबले में उतरेगी। पहले मैच में एक समय छह विकेट 124 रन पर गिरने के बाद निचले मध्यक्रम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 47 ओवर में 250 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की ताकत उसकी बल्लेबाजी है लेकिन मजबूत टीमों के खिलाफ बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। बांग्लादेश और पाकिस्तान के मैच में कोलंबो की पिच से काफी सीम मिल रही थी लिहाजा भारत तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को उतार सकता है, जो पिछले महीने आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के जरिए चोट के बाद लौटी है। वह हालांकि अभ्यास सत्र में लय में नहीं दिखी।

## पाक को करना होगा चमत्कारिक प्रदर्शन

दूसरी ओर पाकिस्तान की चिंता उसकी बल्लेबाजी है। पहले मैच में उसके बल्लेबाजों ने निराश किया और पारी ताश के पत्तों की तरह ढह गई। फातिमा सना और डायना बेग ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन स्कोर ही बड़ा नहीं था । पाकिस्तान को सारे मैच एक ही मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा लेकिन भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ उसे जीत के लिए चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। क्रिकेट के अलावा इस मैच को लेकर काफी तनाव भी है। अब वह दिन लद गए जब 2022 विश्व कप में पाकिस्तान की पूर्व कप्तान बिस्माह मारुफ की बेटी के साथ भारतीय खिलाड़ियों को खेलते देखा गया था। पुरुष टीम की तरह भारतीय महिला टीम भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों से शायद हाथ नहीं मिलाएगी।

## संभावित टीमें

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, राधा यादव, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़

**पाकिस्तान :** फातिमा सना (कप्तान), मुनीबा अली सिद्दीकी, आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमन फातिमा, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमाइमा सोहेल, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शावाल जुल्फिकार , सिदरा अमीन, सिदरा नवाज, सईदा आरुब शाह

## खबर संक्षेप



### बारिश के कारण श्रीलंका ऑस्ट्रेलिया मैच में विलंब

**कोलंबो।** लगातार बारिश के कारण शनिवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला विश्व कप ग्रुप चरण मुकाबला शुरू नहीं हो सका। मैदान कवर से ढका है जबकि विशाल स्कोरबोर्ड पर 'रेन रेन गो अवे' लिखा दिखाई दिया। हालांकि बारिश कम होने के कोई संकेत नहीं दिख रहा है। टॉस के समय से 15 मिनट पहले दोपहर 2.45 बजे बारिश रुकी, जिससे उम्मीद बंधी लेकिन जैसे ही टॉस का समय नजदीक आया। बारिश फिर शुरू हो गई और पूरा खेल मैदान कवर से ढक दिया गया। फिर दोपहर तीन बजे तक भारी बारिश होने लगी। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 89 रन से हराया था जबकि श्रीलंका को टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत के हाथों डकवर्थ लुईस पद्धति से 59 रन से हार का सामना करना पड़ा था।

### हमें अश्विन की कमी खलती है : जडेजा

**अहमदाबाद।** वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में अपने बल्ले और गेंद से शानदार प्रदर्शन कर मैन ऑफ द मैच चुने गए हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने लंबे समय तक टीम में रहे अपने साथी दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की बात करते हुए कहा कि हर खिलाड़ी को एक दिन इस खेल को अलविदा कहना होता है।

## भारत ने पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को एक पारी और 140 रन से हराया

# घरेलू मैदान पर शुभमन की बतौर कप्तान पहली जीत, जडेजा बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

उपकप्तान रविंद्र जडेजा के बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को पहले क्रिकेट टेस्ट में तीन दिन के भीतर ही एक पारी और 140 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली। भारत ने पहली पारी कल के स्कोर पांच विकेट पर 448 रन पर घोषित करके 286 रन की बढ़त बना ली थी। वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में 45.1 ओवर में 146 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में नाबाद शतक जमाने वाले जडेजा ने दूसरी पारी में 54 रन देकर 4 विकेट लिए। दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से दिल्ली में खेला जाएगा। वहीं बतौर टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की ये भारत में पहली जीत भी रही। भारत की इस बड़ी जीत में टीम के कई खिलाड़ियों को योगदान रहा, जिसमें केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ी शामिल रहे। राहुल, ध्रुव और जडेजा ने इस मैच में शतक लगाया तो वहीं सिराज ने सबसे ज्यादा 7 विकेट लिए, लेकिन प्लेयर ऑफ द मैच जडेजा रहे।



### जडेजा एक बार फिर चूके

जडेजा एक मैच में शतक और पारी के पांच विकेट लेने का कारनामा एक बार फिर अपने नाम करने से चूक गए। वह पहले दो बार यह कमाल कर चुके हैं। लंच के बाद सिराज ने जस्टिन ग्रीव्स (25) और जोमेल वारिकन (0) को पवेलियन भेजा । वहीं वॉशिंगटन सुंदर ने एलिक अथानाजे (38) का रिटर्न कैच लपका । कुलदीप ने जेडेन सील्स (22) का अपनी ही गेंद पर कैच पकड़ा ।

### यह हमारे लिए परफेक्ट मैच था : गिल

कप्तान शुभमन गिल ने मैच के बाद कहा,'यह हमारे लिए परफेक्ट मैच था। तीन शतक और इतनी शानदार फील्डिंग।' तीसरे दिन पिच से मिल रही मदद का मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने पूरा फायदा उठाया। सिराज ने 40 रन देकर चार और बुमराह ने 42 रन देकर 3 विकेट लिए। भारतीय पारी में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (100) ने 9 साल बाद देश में टेस्ट शतक लगाया। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने पहला टेस्ट शतक जड़ा और जडेजा 104 रन बनाकर नाबाद रहे। तीसरे दिन सुबह के सत्र में पिच से मदद की संभावना में भारत ने पारी कल के स्कोर पर ही घोषित कर दी।

### सिराज ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

सिराज ने इस मैच में 61/7 के आंकड़े दर्ज किए। यह उनका भारतीय सरजमीं पर मैच में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। उन्होंने वेस्टइंडीज की पहली पारी में तेजनाराण चंद्रपॉल (0), एलिक ऐथानेज (12), ब्रैंडन किंग (13) और कप्तान रोस्टन चेज (24) को आउट कर 40 रन देते हुए ये 4 विकेट लिए थे। इसी तरह उन्होंने दूसरी पारी में चंद्रपॉल (8), जस्टिन ग्रीव्स (25) और जोमेल वार्रिकन (0) को आउट करते हुए 31 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए।

### चंद्रपॉल और कैंपबेल ने की सकारात्मक शुरुआत

सलामी बल्लेबाज तेजनारायण चंद्रपॉल (आठ) और जॉन कैंपबेल ने सकारात्मक शुरुआत की लेकिन आठवें ओवर में नितीश रेड्डी ने स्क्वेयर लेग पर शानदार कैच लपककर भारत को पहली कामयाबी दिलाई। सिराज की शॉर्ट गेंद पर चंद्रपॉल ने शॉट खेला और रेड्डी ने अपनी बायीं ओर डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ा। इसके बाद जडेजा ने कैंपबेल (14) को रवाना किया। चौथे नंबर पर उतरे ब्रेंडन किंग (पांच) ने पहली स्लिप में केएल राहुल को कैच थमाया। वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेस (एक) को स्पिनर कुलदीप यादव ने आउट किया। छठे नंबर पर आए शाइ होप ने जडेजा की गेंद पर कट शॉट खेला और यशस्वी जायसवाल ने शॉर्ट थर्डमैन पर अपने दाहिने ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया।

## चैपल हैडली श्रृंखला

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 3 विकेट से हराया, सीरीज की अपने नाम



एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

मिचेल मार्श (नाबाद 103 रन) के पहले टी20 शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को तीन विकेट से हराकर चैपल हैडली श्रृंखला 2-0 से अपने नाम की।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने 50 गेंद में शतक जड़ दिया था। उन्होंने अपनी 73वीं पारी में आठ चौके और सात छक्के की मदद से 52 गेंद में 103 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बीच के ओवरों में जल्दी जल्दी कई विकेट गंवा दिए लेकिन मिचेल मार्श एक छोर पर डटे रहे, जिससे टीम ने दो ओवर रहते सात विकेट पर 160 रन बनाकर न्यूजीलैंड के नौ विकेट पर 156 रन के स्कोर को पार कर लिया। उनके अलावा केवल दो अन्य बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

- मार्श ने 50 गेंद में लगाया अपना पहला टी20 शतक


### ऑस्ट्रेलिया की मजबूत तेज गेंदबाजी के सामने नहीं टिक पाई न्यूजीलैंड

मिचेल मार्श ने श्रृंखला के पहले मैच में 43 गेंद में 85 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया की छह विकेट की जीत में भी अहम भूमिका निभाई थी। शुक्रवार को दूसरा मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। इससे पहले न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने नौ विकेट पर 156 रन ही बना सकी, जिसमें सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट 35 गेंद में 48 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। बारिश के कारण टॉस 15 मिनट देर से हुआ। गेंद बहुत उछाल ले रही थी, जिससे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज साझेदारियां बनाने में नाकाम रही। सिफर्ट के अलावा कप्तान माइकल ब्रेसवेल ने 26 और जिम्मी नीशाम ने 25 रन बनाए।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप







**नई दिल्ली।** विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जा रहा है। इसमें शनिवार को महिलाओं की लंबी कूद टी47 फाइनल में डेनमार्क की ब्योर्क नोएरेमार्क (बाएं), फ्रांस की मैरी न्गूसौ-न्गूई (बीच में) और चीन की जिंग यान प्रतिस्पर्धा करती हुईं। इस दौरान उनकी हेयर स्टाइल बेहद चर्चा का विषय बनी।

### सिडनी थंडर करेगी अश्विन की सुरक्षा का इंतजाम

**सिडनी।** रविचंद्रन अश्विन को बिग बैश लीग टीम सिडनी थंडर निजी सुरक्षा प्रदान करेगी चूंकि ओलंपिक एरेना मैदान पर टीम के अभ्यास सत्र के दौरान भारतवंशी क्रिकेटप्रेमियों के उमड़ने की संभावना है। समझा जाता है कि अश्विन अपने साथ निजी टीम भी लेकर आएंगे, जो उनके यूट्यूब चैनल के लिए सिडनी थंडर के साथ उनके बीबीएल के सफर को कैमरे में कैद करेंगे। पिछले साल बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान एडीलेड ओवल पर भारतीय टीम के अभ्यास सत्र को देखने के लिये करीब 5000 भारतीय प्रशंसक पहुंच गए थे, जिससे सुरक्षा का मसला खड़ा हो गया था। बीबीएल टीम इससे बचना चाहती है। 'सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' के अनुसार,'भारत के अनुभवी स्पिनर के अभ्यास करने और खेलने के दौरान सुरक्षा का मसला हो सकता है।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र. /निर्माण/2025 दिनांक 29.09.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 09 अंतर्गत आदिवासी शासकीय प्राथमिक शाला भिलाईखुर्द क्र. 02 में नवीन शाला भवन का निर्माण कार्य। (जि.ख.न्या.मद) (द्वितीय निविदा) | 15.26 | 15.10.2025 (T.No. 176807) |
| 2 | नगर पालिक निगम, कोरबा क्षेत्रांतर्गत कोरबा जोन अंतर्गत 08 शासकीय स्कूलों में किचन शेड का निर्माण कार्य। (जि.ख.न्या.मद) (द्वितीय निविदा) | 26.00 | 15.10.2025 (T.No. 176809) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।

**।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।**

**कार्यपालन अभियंता**
**नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)**


## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

**वृष** — रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

**मिथुन** — नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

**कर्क** — कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

**सिंह** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

**कन्या** — मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**तुला** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** — किसी पुराने मित्र से पुन:सम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

**मकर** — नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ

**कुंभ** — स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

**मीन** — कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 6009



**बाएँ से दाए**
1. सरदार,अगुआ-4
5. जनमत,एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता,परवाह-3
12. पैंदा,तल्ला-2
14. ताल,सुर,आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला,दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल,करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट,पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक,घुड़सवार-3
36. चौकसी,रखवाली-3
37. हलक,कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर,मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा,गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी,अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा,बैर-2
8. आदत,व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग,हिलोर-3
16. तृष्णा,लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर,पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या,डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली,आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन,प्रेमपात्र-3
42. पहरा,चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 6008 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6019

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6018 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# तरकश

संजय के दीक्षित

## अफसरशाही की रफ्तार!

अफसरशाही को योजनाओं के रिव्यू की तरह कभी-कभी अपने परफार्मेंस का भी एसेसमेंट करना चाहिए। दरअसल, बात ऐसी है कि पिछले साल सितंबर में कलेक्टर, एसपी कांफ्रेंस हुई थी। जीएडी और पुलिस मुख्यालय ने कांफ्रेंस में सीएम के निर्देशों को कलेक्टर, एसपी को भेज दिया। मगर इसके बाद बात आई-गई खतम हो गई। अफसरों को सुध नहीं रहा कि एक बार पता लगा लें कि कलेक्टर, एसपी को निर्देश दिए, उस पर कितना अमल हुआ। अभी 12 और 13 अक्टूबर को कलेक्टर, एसपी कांफ्रेंस तय हुआ तो अधिकारियों को खयाल आया कि पिछले साल के कांफ्रेंस का फीडबैक तो लिया नहीं गया...आनन-फानन में जीएडी और पीएचक्यू ने कलेक्टर, एसपी को पत्र भेज लास्ट कांफ्रेंस की कंप्लायंस रिपोर्ट मंगवाई गई है। अफसरशाही को रफ्तार थोड़ी ठीक करनी चाहिए।

## मंत्रियों का परफार्मेंस

भले ही थोड़ा वक्त लगा...मगर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी प्रशासनिक टीम मजबूत कर ली है। पौने पांच साल बाद प्रशासनिक मुखिया बदला ही, मंत्रालय में करीब 80 परसेंट सिकरेट्री अब पहले से बेहतर हैं। पांचों पुलिस रेंज के आईजी निर्विवाद छबि के हैं तो 33 में से बीसेक जिलों के कलेक्टर, एसपी काम करने वाले हैं। अब मंत्रियों के परफार्मेंस पर फोकस करना चाहिए। क्योंकि, 13 मंत्रियों में पब्लिक को तीन-चार ही काम करते लगते हैं। बाकी किधर, क्या कर रहे, पता नहीं चल रहा। ठीक है, योजनाओं का क्रियान्वयन अफसर करते हैं मगर सरकार का पॉलीटिकल एक्सपोजर मंत्रियों की छबि और उनकी सक्रियता से होता है। आखिर, केंद्र के मंत्री किस तरह लगातार राज्यों का दौरा कर रहे हैं? छत्तीसगढ़ के मंत्रियों को भी जिलों में जाकर अपने विभाग का काम देखना चाहिए। मंत्रियों के फील्ड में जाने का प्रभाव तो पड़ता है। इस समय हो ऐसा रहा कि मंत्री रायपुर में रहते हैं या फिर सीधे अपने गृह जिले का रुख करते हैं। उपर से अभी भी कई मंत्री अपने विभागों को समझ नहीं पा रहे। इसका खामियाजा यह हो रहा कि सप्लाई, ठेका, खरीदी में बिचौलियों का हस्तक्षेप कम नहीं हो पा रहा। सरकार और संगठन को इसे देखना चाहिए।

## राजभवन में नया एडीसी

हमेशा से ऐसा होता आया है, राजभवन में एडीसी रहने के बाद आईपीएस अधिकारियों को ठीकठाक जिले में एसपी बनाकर भेजा जाता है। विवेकानंद से लेकर दीपांशु काबरा, आनंद छाबड़ा, राहुल शर्मा, अमरेश मिश्रा, मयंक श्रीवास्तव, अभिषेक पाठक, रामगोपाल गर्ग, अभिषेक शांडिल्य, भोजराम पटेल, त्रिलोक बंसल, विवेक शुक्ला, सूरज सिंह परिहार तक हमेशा ऐसा ही होता रहा। मगर पहली बार ऐसा हुआ कि आईपीएस उमेश गुप्ता को एडीसी नियुक्त किया गया, लेकिन सुनील शर्मा की कहीं पोस्टिंग नहीं दी गई। राजभवन से पहले सुनील शर्मा अंबिकापुर के एसपी रहे और चर्चा थी कि उन्हें बिलासपुर, रायपुर जैसे किसी जिले का कप्तान बनाया जाएगा, मगर पिछले साल अचानक एडीसी टू गवर्नर नियुक्त हुए तो लोग चौंके थे। और...इस हफ्ते फिर लोग चौंके जब बिना किसी जिले का एसपी बनाए सुनील शर्मा हटा दिए गए। चौंकने का विषय यह भी है कि सुनील शर्मा की जगह पर आईपीएस उमेश गुप्ता को नया एडीसी बनाया गया था, उन्होंने इस नई जिम्मेदारी से हाथ खड़ा कर दिया है। एडीसी एपिसोड पर आईपीएस बिरादरी की गहरी खामोशी से लगता है कोई संजीदा मामला है। अगर ऐसा कुछ है तो फिर आईपीएस एसोसियेशन को कुछ पूजा-पाठ करा लेनी चाहिए। बहरहाल, नए एडीसी के लिए जल्द ही तीन नए नामों को पेनल राजभवन भेजा जाएगा। उसके बाद नई नियुक्ति की जाएगी।

## पुलिस कमिश्नर सिस्टम?

छत्तीसगढ़ में पुलिस कमिश्नर सिस्टम शुरू होने को लेकर जिस बात की आशंकाएं थी, वह दृष्टिगोचर होने लगी हैं। दरअसल, कोई भी रिफार्म या बदलाव यूं ही नहीं हो जाता। भांति-भांति के अवरोध आते हैं...पावर गेम का सामना करना पड़ता है। स्वाभाविक है कि किसी की बरसों की सत्ता पर आंच आएगी तो वो कैसे इसे स्वीकार करेगा। पड़ोसी राज्य ओड़िसा में नवीन पटनायक ने जब इस सिस्टम को लागू किया तो उन्हें भी अफसरशाही से लोहा लेना पड़ा था। बता दें, देश का बेस्ट पुलिस कमिश्नर सिस्टम ओड़िसा का है। विधानसभा में एक्ट पारित कर उसे बनाया गया है।

## फर्स्ट पुलिस कमिश्नर

रायपुर में एक नवंबर से पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू होगा...फिलहाल इसमें अब कोई संशय नहीं लगता। लोगों की जिज्ञासा यह है कि रायपुर का फर्स्ट पुलिस कमिश्नर कौन होगा? हालांकि, यह स्पष्ट हो चुका है कि आईजी लेवल का पुलिस कमिश्नर होगा। एडीजी प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में बनी सात सदस्यीय कमेटी ने भी आईजी को पुलिस कमिश्नर बनाने की सिफारिश की है। और जब आईजी को इस पद पर बिठाना है तो जाहिर है कि सीटिंग आईजी को ही वेटेज दिया जाएगा। सीटिंग आईजी में सबसे सीनियर सुंदरराज बस्तर में हैं। नक्सलियों के सफाये के मार्च 2026 के डेडलाइन को देखते इस समय उन्हें कोई हिला नहीं सकता। रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा के पास ईओडब्लू और एसीबी भी है। इन दोनों जांच एजेंसियों के पास इतना वर्कलोड है कि सरकार उन्हें डिस्टर्ब करना नहीं चाहेगी। बच गए बिलासपुर आईजी संजीव शुक्ला, दुर्ग आईजी रामगोपाल गर्ग और सरगुजा आईजी दीपक झा। तीनों साफ-सुथरी छबि के आईपीएस अधिकारी हैं। प्रोफाइल के मामले में दीपक जरूर वजनदार पड़ेंगे। वे सात जिलों के एसपी रहे हैं। आईजी के तौर पर राजनांदगांव के बाद सरगुजा में दूसरा रेंज कर रहे हैं। बहरहाल, यह तय है कि डिसाइड इन तीन नामों में से होगा।

## आईपीएस की लिस्ट

वैसे तो सुनने में आ रहा कि कलेक्टर, एसपी कांफ्रेंस के बाद एसपी की एक लिस्ट निकलेगी। महासमुंद एसपी डेपुटेशन पर जा रहे हैं। दो-तीन और पुलिस अधीक्षक सरकार के राडार पर हैं। पुलिस कमिश्नर बनने के बाद महासमुंद नया पुलिस रेंज बनेगा। अजय यादव इस रेंज के आईजी बन सकते हैं। आईजी बनने वालों में बद्रीनारायण मीणा का नाम भी हैं। दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा आईजी में से कोई अगर रायपुर पुलिस कमिश्नर बना तो बद्री को उनकी जगह आईजी पोस्ट किया जा सकता है।

## सुब्रत को रेवेन्यू बोर्ड, मगर...

विकास शील को मुख्य सचिव बनाने के बाद सरकार ने उनसे सीनियर रेणु पिल्ले और सुब्रत साहू को मंत्रालय से बाहर शिफ्थ कर दिया। दोनों को मुख्य सचिव के समकक्ष पोस्टिंगें मिली हैं। याने सम्मान का ध्यान रखा गया है। रेणु को व्यापम और माध्यमिक शिक्षा मंडल का चेयरमैन बनाया गया तो सुब्रत को प्रशासन अकादमी के डायरेक्टर जनरल के साथ अतिरिक्त प्रभार के तौर पर राजस्व बोर्ड का चेयरमैन का दायित्व सौंपा गया है। 31 अक्टूबर को टीपी वर्मा के रिटायर होने के बाद एक नवंबर को वे राजस्व बोर्ड का दायित्व संभालेंगे। हालांकि, सुब्रत का प्रशासन अकादमी का आदेश बदल सकता है। एक तो, कैडर लिस्ट में महानिदेशक प्रशासन अकादमी का पद प्रमुख सचिव लेवल का है। सुब्रत 2021 से एडिशनल चीफ सिकरेट्री हैं और अब मुख्य सचिव से सीनियर भी। फिर कायदे से रेवेन्यू बोर्ड चेयरमैन को अतिरिक्त प्रभार नहीं देना चाहिए। इससे पहले ऐसा कभी हुआ भी नहीं कि रेवेन्यू बोर्ड चेयरमैन के पास दो चार्ज रहे। सो, अंदेशा है कि 31 अक्टूबर को सरकार सुब्रत साहू के आदेश को संशोधित कर मुख्य पोस्टिंग चेयरमैन रेवेन्यू बोर्ड कर देगी। और प्रशासन अकादमी का अतिरिक्त प्रभार प्रमुख सचिव निहारिका बारिक या सोनमणि बोरा को सौंप दे।

## ब्यूरोक्रेसी में दूसरे नंबर का पद

छत्तीसगढ़ में भले ही चेयरमैन रेवेन्यू बोर्ड की रेटिंग गिरा दी गई हो मगर दूसरे राज्यों में इसे नेक्स्ट टू सीएस माना जाता है। छत्तीसगढ़ के आईएएस के ग्रेडेशन लिस्ट में भी रेवेन्यू बोर्ड चेयरमैन को मुख्य सचिव के बाद दूसरे नंबर पर रखा गया है। डीएस मिश्रा और सीके खेतान को थोड़े दिन के लिए रेवेन्यू बोर्ड में अवसर मिला था, उसमें दोनों ने कई बड़े फैसले किए। बड़ी-बड़ी सीमेंट कंपनियों को हाई कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। रेवेन्यू बोर्ड राजस्व का अपेक्स कोर्ट है। इसमें नायब तहसीलदार, तहसीलदार, कलेक्टर, कमिश्नर कोर्ट के फैसले की अपील होती है। यही नहीं, कमिश्नर लैंड रिकार्ड, माईनिंग और पंजीयन विभाग की अपील भी रेवेन्यू बोर्ड में की जाती हैं। बहरहाल बता दें, सीएस रैंक के एक आईएएस अफसर ने रेवेन्यू बोर्ड चेयरमैन रहते ऐसी तबाही मचाई थी कि सिस्टम हिल गया था। कलेक्टर-कमिश्नरों ने सरकार से फरियाद की, साहब इन्हें बदलिए...ये सारे फैसले पलटते जा रहे हैं। इसके बाद सरकार ने उन्हें रातोरात हटा दिया था।

## अंत में दो सवाल आपसे

1. क्या डीएमएफ घोटाले में ईडी की जांच के जद में कुछ पूर्व कलेक्टर आ सकते हैं?
2. डीएमएफ घोटाले में लिप्त रहे छत्तीसगढ़ के सप्लायर ईडी के नाम पर कांप क्यों रहे हैं?

# रूस ने दो पैसेंजर ट्रेन, रेलवे स्टेशन पर दागे बम, 30 लोगों की मौत



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस ने यूक्रेन पर बड़ा हमला करते हुए दो पैसेंजर ट्रेनों को निशाना बनाया है, जिसके बाद उनमें आग गई गई। यूक्रेन के उत्तरी क्षेत्र सुमी में रूस ने भीषण हवाई हमला किया है। इसमें 30 लोगों की मौत हो गए। रूसी हमलों में एक पैसेंजर ट्रेन और रेलवे स्टेशन को निशाना बनाया गया। यह हमला रूस की लगातार जारी एयरस्ट्राइक मुहिम का हिस्सा है, जिसमें यूक्रेन के रेलवे और ऊर्जा ढांचे पर निशाना साधा जा रहा है। राहत और बचाव कार्य जारी हैं। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि हमले के वक्त ट्रेन में यूक्रेन रेलवे के कर्मचारी और यात्री दोनों मौजूद थे। बचावकर्मी घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं, जबकि घायलों की सटीक संख्या का पता लगाया जा रहा है।

### जेलेंस्की ने साझा किया वीडियो

राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इस हमले को निर्दयी करार दिया। वहीं, स्थानीय गवर्नर ओलेह ह्रीहोरोव ने कहा कि रूसी हमले ने शॉस्टका रेलवे स्टेशन को निशाना बनाया और उस समय शॉस्टका से कीव जा रही ट्रेन को भी ड्रोन ने हिट किया। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें आग की लपटों में घिरी एक ट्रेन की कोच दिखाई दे रही है, उसका ढांचा मुड़ा हुआ है और खिड़कियां चकनाचूर हो चुकी हैं।

### लगातार बढ़ रहे हैं रूसी हमले

यह हमला रूस की उस एयरस्ट्राइक मुहिम का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसमें बीते 2 महीनों से यूक्रेन के रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। रूस लगभग हर दिन यूक्रेनी परिवहन नेटवर्क पर हमले कर रहा है। सिर्फ एक दिन पहले ही रूस ने यूक्रेन की राज्य गैस और तेल कंपनी नाफ्टोगैज़ के ठिकानों पर 35 मिसाइलें और 60 ड्रोन दागे थे। ये हमले खारकीव और पोल्टावा क्षेत्रों में हुए थे। नाफ्टोगैज़ के सीईओ सर्जी कोरेत्स्की के अनुसार यह अब तक की सबसे बड़ी बमबारी थी जिससे गैस उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ. इस हमले में करीब 8000 उपभोक्ताओं की बिजली कट गए।

# अब तक एक भी घुसपैठिए का नाम क्यों दर्ज नहीं?

पटना। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) का एक प्रतिनिधिमंडल बिहार पहुंचा। यहां सभी 12 मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ पटना में हुई सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस की तरफ से चुनाव आयोग से 5 सवालों के जवाब मांगे गए। बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि पहला सवाल, 30 तारीख को जो सूची जारी की गई है, उसको लेकर कांग्रेस यह मांग करती है कि पलायन किए गए लोगों के कितने नाम काटे गए। इसकी सूची जारी की जाए।

## भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

(सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

कार्यालय परियोजना निदेशक, परियोजना कार्यान्वयन ईकाई, कोरबा एम.आई.जी. 11/12, एम.पी. नगर विस्तार, हेलीपेड रोड़, घंटाघर के पास, निहारिका, कोरबा (छ.ग.)

**जनसूचना**

**पचीरा टोल प्लाजा पर दिनांक 06/10/2025 से 31/03/2026 तक लागू उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दर हेतु जारी सूचना**

आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भा.रा.रा.प्रा. की क्षेत्रीय अधिकारी, भा.रा.रा.प्रा. रायपुर द्वारा उपयोगकर्ता शुल्क दरों के अनुमोदन के अनुसरण में छत्तीसगढ राज्य में कटनी-गुमला सेक्शन, रा.रा.-43 (कि.मी. 331.000 से कि.मी. 363.000) खण्ड हेतु दि.06.10.2025 से दि.31.03. 2026 तक के लिए शुल्क संग्रहण के संबंध में अनुमोदित उपयोगकर्ता शुल्क दरें निम्नानुसार है :-

| वाहन का प्रकार | एकतरफा यात्रा शुल्क | एक दिवस में वापसी यात्रा शुल्क | मासिक पास एकतरफा 50 यात्राओं के लिये | एकतरफा यात्रा के लिये जिले में पंजीकृत स्थानीय वाणिज्यिक वाहन के लिए शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| कार, जीप, वैन या हल्के मोटर वाहन | 35 | 50 | 1155 | 15 |
| हल्के वाणिज्यिक वाहन, हल्के माल वाहक वाहन अथवा मिनी बस | 55 | 85 | 1865 | 30 |
| बस या ट्रक | 115 | 175 | 3905 | 60 |
| तीन धुरी वाले वाणिज्यिक वाहन | 130 | 190 | 4260 | 65 |
| एच.सी.एम./ ई.एम.ई./ एम.ए.वी./ (चार से छः धुरी वाले) | 185 | 275 | 6120 | 90 |
| बडे आकार वाले वाहन (सात या अधिक धुरी वाले) | 225 | 335 | 7450 | 110 |
| टोल प्लाजा से 20 कि.मी. के अंदर स्थानीय रहवासियों के लिये गैर वाणिज्यिक वाहनों के लिये मासिक पास की दर रू. 340/ रहेगी। | | | | |

**महत्वपूर्ण सूचना:- दिनांक 15/02/2021 से सभी टोल लेन FASTag लेन घोषित कर दिये गये हैं एवं उपयोगकर्ता शुल्क भुगतान केवल FASTag के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा। वो उपयोगकर्ता, जो कि FASTag लेन में नगद भुगतान करने के इच्छुक होंगे, उन्हे लागू दरों का दो गुना भुगतान करना पडेगा। इसके अतिरिक्त वापसी यात्रा रियायत एवं स्थानीय यात्रा रियायत केवल FASTag द्वारा भुगतान किये जाने पर ही मान्य होगा।**

सडके ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी।

## TRN Energy Private Limited

Regd. Office: 18 Vasanta Enclave, Rao Tula Ram Marg, New Delhi - 110057 Corporate Office: 7th Floor, Corporate Tower, Ambience Mall NH-8, Gurgaon-122002 (Haryana)
Ph: 0124-2719000, Fax: 0124-2719185
Email: trnenergy@acbindia.com; info@trnenergy.com

**Invitation of Bids**

Ref. No.: TRNEPL/ASH/2025-26/04 Dated: 04-10-2025

TRN Energy Pvt. Ltd. is having 2x300MW Coal based Thermal Power Plant located near Vill: Bhengari, PO: - Nawapara (Tenda), Tehsil: Gharghoda, Dist: Raigarh in the state of Chhattisgarh. The plant site is well connected with Road Network. Nawapara (Tenda) is on Chhal-Gharghoda road and very near to the plant. The place is around 42KM away from Raigarh and 32KM away from Kharsia, which are the nearest towns.

Through advisory dated 15th March 2024, Ministry of Power has directed to the Thermal Power Plants to prepare a panel of transportation agency every year based on competitive bidding for transportation to Road Projects / Embankments / mines etc. in slabs, which may be used for period FY 2025-26.

In this connection, M/s TRN Energy Pvt. Ltd. invites bids from reputed and experienced vendors. The validity of the tender is up to 10.10.2025 @14:00hrs, details are as under:-

| Sl. No. | Description of the Job | Tender ID | Last date of Bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | Ash Transporters Panel for FY 2025-26 at 2x300MW TRN Energy TPP Raigarh, Chhattisgarh | 1044 | 10.10.2025 @14:00 Hrs. |

Detailed scope of work, terms and conditions are furnished in the NIT document. Please visit web site https://eprocurement.mjunction.in/epspropartner/openarea/tender-list and refer respective tender Id for qualifying criteria and other details.The complete offer along with technical details should be submitted by the bidder on-line on Mjunction website as per the timeline mentioned in the above table.

Contact details: Name: Sunil Kumar
Contact No. 9868392867
Email Id: sunil.kumar@acbindia.com

## छ. स्टेट पॉवर डिस्ट्री.कं. लिमि. अंबिकापुर

(छ.रा.वि.मं., की उत्तरदायी कम्पनी)

**बिजली बंद की सूचना**

समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, विद्युत लाइनों एवं उपकरणों को दीपावली पूर्व आवश्यक रखरखाव हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में अंकित तिथि एवं समय पर विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | समय | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 06.10.25 | प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक | 11 गंगापुर फीडर | न्यू बस स्टेण्ड, तुलसी चौक मेडिकल कालेज गंगापुर खटीक मोहल्ला गर्ल्स कालेज संजीवनी हास्पीटल आदि। |
| | | | 11 औधोगिक फीडर 11 के.व्ही. कालोनी फीडर | 11 के.व्ही. औधोगिक फीडर से विद्युत आपूर्ति करने वाले एवं गांधीनगर तथा विशुनपुर क्षेत्र इत्यादि। |
| 2 | 07.10.25 | --,,-- | 11 के. व्ही कुण्डला सिटी | अनपूर्णा राईस मिल, खरसिया नाका, अग्रसेन चौक, दुर्गा बाड़ी कुण्डला सीटी इत्यादि क्षेत्र। |
| | | | 11 के.व्ही. एम.जी. रोड फीडर | बनारस रोड़, दत्ता कालोनी, रावत कॉलोनी, पटपरिया, रेखांकन एवं चंदेगीराम टॉवर व एम.जी. रोड़ इत्यादि। |
| 3 | 08.10.25 | --,,-- | 11 के.व्ही. टी. व्ही. फीडर | 11 के.व्ही. टी. व्ही फीडर क्षेत्र इत्यादि। |
| | | | 11 के. ही लक्ष्मीपुर फीडर | बिलासपुर रोड, बंजारी, मठपारा एवं जीवन ज्योति हास्पीटल इत्यादी क्षेत्र। |
| 4 | 09.10.25 | --,,-- | 11 के.व्ही भातुपारा फीडर | भातुपारा हनुमान मंदिर, जिला चिकित्सालय रानी तालाब एवं बिही बाड़ी आदि। |
| | | | 11 के. व्ही पटेलपारा फीडर | मुक्तीपारा, नवापारा उरॉव कम्पलैक्स आदि। |
| 6 | 10.10.25 | --,,-- | 11 दूधडेयरी फीडर | दूध डेयरी एवं आस पास के क्षेत्र इत्यादी। |
| | | | 11 के.व्ही. ट्रांसपोर्टनगर फीडर | चउर पारा, तेन्दुपारा हुन्द्रालता जगदीशपुर आदि। |
| 7 | 11.10.25 | --,,-- | 11 के.व्ही.दर्रीपारा फीडर | महिला अस्पताल, भुईयापारा, सुनिता सोनोग्राफी दर्रीपारा, इत्यादि |
| | | | 11 के. व्ही राजेन्द्र नगर | गांधीनगर, देहात थाना, सुभाषनगर एवं राजेन्द्र नगर क्षेत्र इत्यादी। |
| 8 | 12.10.25 | --,,-- | 11 के.व्ही. गांधीनगर फीडर | प्राशासनिक भवन कन्यापरिसर, कृष्णानगर, सज्जन कालोनी एवं रामनिवास इत्यादि क्षेत्र। |
| 9 | 13.10.25 | --,,-- | 11 के.व्ही .अजिरमा फीडर | विशुनपुर, कोणार्क कालोनी, अजिरमा रेल्वे स्टेशन व कृषि महाविद्यालय अजिरमा इत्यादि |
| 10 | 14.10.25 | --,,-- | 11 के. व्ही. बाबूपारा फीडर | बाबूपारा, पोस्ट आफिस, ब्रम्ह रोड दीवान तलाब एवं केन्द्रीय जेल इत्यादि। |
| | | | 11 के. व्ही. महावीरपुर फीडर | भगवानपुर, सुभाषनगर, तुर्रापानी इत्यादी |
| 11 | 15.10.25 | --,,-- | 11 के.व्ही .गोधनपुर फीडर | गोधनपुर क्षेत्र इत्यादी। |
| 12 | 16.10.25 | --,,-- | 11 के.व्ही. मणीपुर फीडर एवं 11 के.व्ही. आकाशवाणी फीडर | नमनाकला, रिंगरोड, कार्मेल स्कुल, झनझटपारा, हाउसिंग बोर्ड, आकाशवाणी, पॉलीटेक्निक कालेज इत्यादि। |

नोट- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है ।
-स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ -
-'' विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है''-

कार्यपालन यंत्री (शहर) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि, अंबिकापुर

## भारत सरकार
## कारपोरेट कार्य मंत्रालय

त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस), आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वी मंज़िल, प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर, गुडगाँव, हरियाणा-122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

**Government of India**
**Ministry of Corporate Affairs**
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE) IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar, Gurgaon, Haryana -122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**

**सार्वजनिक सूचना**

(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में।

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1240 **दिनांक**:-23-09-2025

**संदर्भः**

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (7) कम्पनियों का नाम राज्य छत्तीसगढ़ से हटाने के मामले में:

| S No. | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AB6320720 | U24100CT2024PTC015954 | मागिया इंजीनियरिंग सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB5903608 | U74999CT2016PTC007526 | एवीएम हेल्थ एंड एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AB6038739 | U26931CT2021PTC012522 | सॉलिड फ्लाई ऐश ब्रिक्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AB6251837 | U51909CT2022PTC013141 | मेटलसेंट ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AB6457030 | U68100CT2024PTC016100 | अम्बराम असेट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AB6863862 | U51909CT2020PTC010725 | वेदिकहाउस एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AB6219972 | U74999CT2019OPC009116 | विंटेसो सर्विसेज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं

रौनक अग्रवाल
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0391/2526

## बैंक ऑफ इंडिया
## Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालय, स्टार हाऊस, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 48, सेक्टर-24, नया रायपुर, छत्तीसगढ़ 492101

**ई-नीलामी सूचना मेगा ऑक्शन अंतर्गत**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) व 1 के अधीन अंचल संपत्ति की बिक्री की सूचना

**ई-नीलामी तिथि एवं समय : 11.11.2025 प्रातः 11.00 से सायं 5.00 तक**

ई-नीलामी उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिस के अनुसार बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बैंक के अधिकृत अधिकार द्वारा नीचे उल्लेखित सम्पत्तियों का कब्जा लिया गया था। अधिकृत अधिकारी द्वारा उधारकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया, के निम्न शाखाओं के खातों की वसूली के लिये उक्त अधिनियम के नियम 8 एवं 9 अधीन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का सार्वजनिक नीलामी द्वारा जैसा है जहाँ है एवं जिस अवस्था में है के आधार पर विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।

| क्रं. | शाखा और उधारकर्ता/जमानतदार के नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य(लाख में)<br>ई.एम.डी. (लाख में)<br>बोली बढ़ोत्तरी(लाख में) | अ) मांग सूचना दिनांक<br>ब) कब्जा दिनांक<br>स)बकाया राशि(लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01. | बेमेतरा शाखा ऋणीः-श्री राहुल यादव पिता श्री पंचराम यादव, सह ऋणी-श्रीमती कुसुम यादव पति श्री राहुल यादव | **रिहायशी भूमि एवं भवन :** भूमि का वह सारा टुकड़ा जिसमें भवन, शेड और ढाँचे खड़े हैं, प्लाट नं. डी-104 खसरा नं. 353/7, प.ह.नं. 31 समृद्धि विहार कॉलोनी गांव-फरी जिला-बेमेतरा क्षेत्रफल -1000 वर्गफीट । श्री राहुल यादव पिता श्री पंचराम यादव एवं श्रीमती कुसुम यादव पति श्री राहुल यादव के नाम पर. **चौहद्दी** : उत्तर-रोड, दक्षिण-ईडब्ल्यूएस भूमि,पूर्व-प्लॉट नं. डी-103, पश्चिम-प्लॉट नं. डी-105 **(भौतिक कब्जा)** | ₹ 3.69<br>₹ 0.37<br>₹ 0.10 | अ) 01.05.2019<br>ब) 07.03.2020<br>स) ₹ 10.23 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 02. | रायपुर मुख्य शाखाः- श्री दिलीप कुमार रचदानी पिता श्री नोटा मल रचदानी | **फ्लैट** :-फ्री-होल्ड परिवर्तित, रिहायशी फ्लैट नं. 403, चौथा माला, ब्लॉक-A, "वरन अपार्टमेंट", मौजा-अमलीडीह, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 46, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) अनुमानित सुपर बिल्टअप एरिया-1140 वर्गफीट (106.04 वर्गमीटर), श्री दिलीप कुमार रचदानी पिता श्री नोटा मल रचदानी के नाम पर स्थित. **चौहद्दी**:-उत्तर-फ्लैट नं. 404, दक्षिण-खुला स्पेस,पूर्व-सीढ़ी एवं फ्लैट नं. 402, पश्चिम- खुला स्पेस. **(सांकेतिक कब्जा)** | ₹ 27.06<br>₹ 2.71<br>₹ 0.25 | अ) 30.07.2024<br>ब) 15.10.2024<br>स) ₹ 28.47 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 03. | पथरिया शाखाः-श्री गणेश सिंग पिता राजकुमार सिंग एवं श्रीमती प्रियंका सिंग | **फ्लैटः-**सभी एवं आंशिक भाग की संपत्ति संबंधित फ्लैट नं. ए-502, चौथी मंजिल, टॉवर- A-502, सुंदर विहार कॉलोनी के पास, राज महल ग्रीन टॉउन, कुरुद, वार्ड नं. 16, तहसील एवं जिला दुर्ग (छ.ग.) कारपेट एरिया 750 वर्गफीट सुपर बिल्टअप एरिया 1125 वर्गफीट, **चौहद्दी- उत्तर**-फ्लैट नं. 501, **दक्षिण**-खुला आकाश, **पूर्व**-फ्लैट नं. 504, **पश्चिम**-खुला आकाश. **(भौतिक कब्जा)** | ₹ 18.75<br>₹ 1.87<br>₹ 0.25 | अ) 07.06.2023<br>ब) 18.09.2023<br>स) ₹ 27.56 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 04. | एआरबी (रायपुर) शाखा :- नीलम कुमार दीवान पुत्र श्री पुनित राम दीवान जमानतदार- श्रीमती जेमा नायक पति श्री ताराचंद नायक | **रिहायशी संपत्ति** : स्थित खसरा नं. 117/8 (नया) 513 (पुराना) प.ह.नं. 56, ग्राम-माधोपाली, रानिमं. खम्हारपाली, तहसील - सरायपाली एवं जिला - महासमुंद, छ.ग. क्षेत्रफल 4360 वर्गफीट श्रीमती जेमा नायक पति श्री ताराचंद नायक के नाम पर स्थित **चौहद्दी** :- उत्तर-मालिक की अन्य संपत्ति, दक्षिण-सड़क, पूर्व-बसंत नायक का मकान, पश्चिम-जगमजय नायक का मकान **(सांकेतिक कब्जा)** | ₹ 26.29<br>₹ 2.62<br>₹ 0.25 | अ) 24.07.2019<br>ब) 12.11.2019<br>स) ₹ 89.43 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 05. | एआरबी (रायपुर) शाखा :- उधारकर्ताः- मेसर्स श्री विबग्योर कलर लैब, प्रो. श्री हरिशरण अग्रवाल पुत्र स्व. कृष्ण कुमार अग्रवाल, जमानतदारः-श्रीमती अन्नपूर्णा अग्रवाल पत्नि श्री हरिशरण अग्रवाल एवं श्रीमती शान्ति अग्रवाल पत्नि श्री बद्री प्रसाद अग्रवाल | **रिहायशी फ्लैट : (A)** साम्यिक बंधक युक्त आवासीय फ्लैट नंबर बी-103, प्रथम तल, ओम रेजिडेन्सी, खसरा (भाग) नं. 506/5, 508/1, 506/10, 508/5, मौजा-अमेरी, प.ह.नं. 26/43, शीट नं. 15, ब्लॉक नं. 19, भूखण्ड नं. 186 (भाग), गुरू घासीदास नगर, वार्ड 07, बिलासपुर, तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), क्षेत्रफल 980 वर्गफीट, श्रीमती अन्नपूर्णा अग्रवाल के नाम पर स्थित, **चौहद्दी**:-उत्तर - फ्लैट नं. बी-102. दक्षिण - खुला आसमान, पूर्व - खुला आसमान, पश्चिम - पैसेज. **(सांकेतिक कब्जा)**<br>**आवासीय संपत्ति :(B)** साम्यिक बंधक युक्त लीजहोल्ड आवासीय संपत्ति प्लाट नं. 05, ब्लॉक नं. 3, मौजा-प्रियदर्शिनी परिसर (पश्चिम) आवासीय योजना भिलाई पर स्थित, वार्ड नं. 03, न.पा.नि. भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.), क्षेत्रफल 3550.80 वर्गफीट, लीज 31-03-2052 तक वैध, लीजदाता- न.पा.नि. भिलाई, लीजधारी-श्रीमती शान्ति देवी अग्रवाल. **चौहद्दी**:-उत्तर - रोड, दक्षिण - प्लॉट नं. 12, पूर्व-प्लॉट नं. 06, पश्चिम- प्लॉट नं. 04.**(सांकेतिक कब्जा)** | (A) ₹ 27.50<br>₹ 2.75<br>₹ 0.25<br>(B) ₹ 112.83<br>₹ 11.28<br>₹ 0.50 | अ) 17.01.2025<br>ब) 07.08.2025<br>स) ₹ 146.12 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 06. | एआरबी (रायपुर) शाखा :- उधारकर्ता : मेसर्स गुरसुख एग्रो ट्रेडिंग कंपनी, प्रो. श्रीमती पायल शर्मा पिता नारायण शर्मा, जमानतदार- श्री नारायण शर्मा पिता श्री रामस्वरूप शर्मा | **फ्लैट : A.** साम्यिक बंधक फ्लैट नं. 1, बी ब्लॉक, मकान नं. 29/बी-1, खसरा नं. 478/3 का भाग, अशोका टॉवर, शंकर नगर, वर्ड नं. 29, रायपुर छ.ग. श्रीमती पायल शर्मा पिता श्री नारायण शर्मा क्षेत्रफल 1105 वर्गफीट। **(सांकेतिक कब्जा)**<br>**B. भूमि एवं भवनः**-साम्यिक बंधक परिवर्तित पॉल्ट्री फार्म भूमि एवं भवन स्थित खसरा नं. 46/3 (भाग), प.ह.नं. 15, भिंभौरी, तिल्दा रोड, तहसील एवं जिला रायपुर क्षेत्रफल 39288 वर्गफीट श्रीमती पायल शर्मा पिता श्री नारायण शर्मा के नाम पर स्थित।. **(सांकेतिक कब्जा)** | A. ₹ 55.97<br>₹ 5.60<br>₹ 0.25<br>B. ₹ 123.55<br>₹ 12.36<br>₹ 0.50 | अ) 31.07.2024<br>ब) 01.10.2024<br>स) ₹ 367.79 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 06. | एआरबी (रायपुर) शाखा :- 1. उधारकर्ताः मनोज ट्रेडिंग कंपनी, मेसर्स राधिका अग्रवाल पिता श्री शुशील अग्रवाल, जमानतदार- श्रीमती संगीता अग्रवाल पति स्व. श्री मनोज अग्रवाल, श्री शुशील अग्रवाल पिता स्व. श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल 2.राधिका इंटरप्राइजेज उधारकर्ताः-श्री शुशील अग्रवाल पिता स्व. श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल, जमानतदार-श्रीमती संगीता अग्रवाल पति स्व. श्री मनोज अग्रवाल | **A) खुली परिवर्तित भूमि :** साम्यिक बंधक वाली परिवर्तित खुली भूमि जिसका खसरा संख्या 1128/10, 1129/9 भाग प.ह.नं. संख्या 20, वीआईपी कॉलोनी के पास, मुख्य मार्ग सरकंडा से 300 मीटर दूर, वार्ड 58, देवकीनंदन दीक्षित वार्ड, मौजा सरकंडा, बिलासपुर, तहसील/जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित। क्षेत्रफल-27468 वर्ग फुट, श्रीमती संगीता अग्रवाल पत्नी श्री मनोज अग्रवाल के नाम पर। **चौहद्दी**:-उत्तर-मृदुल हरि अग्रवाल की भूमि, दक्षिण-नदी, पूर्व-अन्य भूमि, पश्चिम-चटर्जी गली **(सांकेतिक कब्जा)**<br>**B) खुली भूमि :** साम्यिक बंधक वाली खुली भूमि जिसका खसरा संख्या 1001/2, 1002/2, प.ह.नं. 20, रामकृष्ण परमहंस नगर वार्ड, वार्ड नं. 59, मौजा सरकंडा, लोधीपारा, ब्लॉक बिल्हा, तहसील/जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 29184 वर्गफीट, श्री शुशील अग्रवाल के नाम पर। **चौहद्दी**:- पूर्व-मनोज अग्रवाल की खुली भूमि, पश्चिम-भावना की भूमि एवं रोड, उत्तर- कृषि विश्वविद्यालय की भूमि एवं रोड, दक्षिण- दुबे की भूमि एवं अन्य। **(सांकेतिक कब्जा)** | A. ₹ 210.00<br>₹ 21.00<br>₹ 0.50<br>B. ₹ 308.18<br>₹ 30.81<br>₹ 0.50 | अ) 18.10.2019<br>ब) 03.01.2020<br>स) ₹ 451.32 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| 08. | एआरबी(रायपुर) शाखा :- मेसर्सः- श्यामा राईस इंडस्ट्रीज, प्रोपराईटर - पंकज चौबे पिता श्री रामबिलास चौबे जमानतदारः-(1) प्रकाश चौबे (2) अरविन्द चौबे (3) प्रेमलता चौबे | B1) साम्यिक बंधक युक्त फैक्ट्री भूमि और भवन स्थित खसरा नंबर 13/16 का भाग म्यूटेशन पश्चात् खसरा नं. 13/17, ग्राम-बाना, प.ह.नं. 102, आर.आई.सी.-धरसीवा-1, तहसील एवं जिला- रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 0.218 हेक्टेयर, श्री पंकज चौबे, श्री प्रकाश चौबे, श्री अरविन्द चौबे। के नाम पर स्थित. **चौहद्दी**:-उत्तर-रास्ता, दक्षिण-ईंद्र कुमार की भूमि,पूर्व-खसरा नंबर 12/14 की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि।**(सांकेतिक कब्जा)**<br>B2) साम्यिक बंधक युक्त फैक्ट्री भूमि और भवन स्थित खसरा नंबर 63/2 का भाग म्यूटेशन पश्चात् खसरा नं. 63/3, ग्राम-बाना, प.ह.नं. 102, आर.आई.सी.-धरसीवा-1, तहसील एवं जिला-रायपुर (छ.ग.) क्षेत्रफल 0.484 हेक्टेयर, श्री पंकज चौबे, श्री प्रकाश चौबे, श्री अरविन्द चौबे के नाम पर स्थित. **चौहद्दी**:- उत्तर-गजानंद की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि,पूर्व-खसर नंबर 64/1 और 64/2, की भूमि, पश्चिम-विक्रेता की भूमि।**(सांकेतिक कब्जा)** | (B1) + (B2) ₹ 276.30<br>₹ 27.63<br>₹ 0.50 | अ) 16.01.2024<br>ब) 01.06.2024<br>स) ₹ 449.88 + ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**ई- ऑक्शन की तारीख और समय 11.11.2025 सुबह 11.00 से सायं 05.00 बजे सीमा रहित 5 मिनट के अंतराल के एक्स्टेंशन के साथ, प्रत्येक निरीक्षण की तारीख और समय - 06.10.2025 से 10.11.2025 सुबह 11.00 से दोपहर 03.00 बजे के बीच कार्यालयीन दिवस में.**

**नोटः-कोई भी बोलीकर्ता/ इच्छुक पक्ष प्लांट एवं मशीनरी के लिये बोली लगा सकता है, परंतु भूमि एवं भवन के लिये बोली लगाने हेतु, बोलीदाता को प्लांट और मशीनरी के लिये अनिवार्य बोली लगानी पड़ेगी क्योंकि किसी भी परिस्थिति में भूमि एवं भवन को स्वतंत्र रूप से बोली नहीं लगायी जा सकती।**

**उधारकर्ताओं/बंधक-कर्ताओं को 15/30 दिन का बकाया सूचना**

उपरोक्त उधारकर्ताओं/बंधककर्ताओं को यह सूचित किया जाता है की सूचना पत्र में उल्लेखित राशि को मय ब्याज एवं खर्चो के नीलामी से पूर्व जमा करवा दें अन्यथा बंधक रखी संपत्ति की नीलामी ऊपर दर्शायी गई दिनांक को कर दी जावेगी, उसके पश्चात् शेष राशि के लिए अलग से वसूली की जावेगी।

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें -रायपुर शाखा - श्री सौम्य द्विवेदी -9692902084, एआरबी (रायपुर) शाखा - श्री सूरज कुमार-7717741309, बेमेतरा शाखा-श्री फलिन्द्र बोरकर -9309990333, पथरिया शाखा-श्री अजय राय-8084668489, ई.एम.डी. भुगतान तथा तकनीकी जानकारी के लिए जोनल अधिकारी - श्री रामा राव, मोबाईल - 99084 84996.**

**ई-नीलामी के नियम एवं शर्ते** 1. नीलामी बिक्री/बोली, वेबसाइट **https://baanknet.com** के माध्यम से ऑनलाइन इलेक्ट्रानिक बिड्गि प्रक्रिया द्वारा की जायेगी। 2. **बोलीकर्ताओं की सुविधा के लिए वेबसाइट https://baanknet.com में जा कर** "Guidelines" **देख सकते हैं।** 3. बोली राशि आरक्षित मूल्य से अधिक होनी चाहिए। 4. सर्वाधिक/सफल बोलीकर्ता का विक्रय के सम्बंध में अधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार करने के बाद बोली/क्रय मूल्य के 25 प्रतिशत के बराबर की राशि में पहले से जमा बयाना राशि घटाकर शेष बची राशि अगले कार्यदिवस में जमा कराना होगा। अन्यथा उसकी बयाना राशि जब्त कर ली जायेगी। 5. क्रयमूल्य कि 75 प्रतिशत राशि का भुगतान अधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री कि पुष्टि करने से 15 दिन या उससे पहले अथवा उस बढ़ाई हुई अवधि के भीतर शेष राशि जमा नहीं करा पाने कि दशा में जमा राशि को जब्तकर लिया जायेगा एवं अधिकृत अधिकारी बैंक नीलामी को रद्द कर नये सिरे से नीलामी करने हेतु स्वतंत्र होंगे। 6. अधिकृत/सफल बोलोकर्ता की दशा में बयानाराशि का क्रय मूल्य में समायोजित कर दिया जायेगा एवं असफल बोलीकर्ताओं **baanknet** के द्वारा वापस कर दिया जायेगा। बयाना राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। 7. सम्पत्ति का **जैसा है, जहाँ है** एवं बिना किसी सहारे के आधार पर बेचा जायेगा। इच्छुक बोलीकर्ताओं नीलामी में शामिल होने में पूर्व सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार का देय आदि के बारे में जानकारी स्वयं प्राप्त करें। **8. अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास स्व-विवेक से बिना किसी पूर्व सूचना एवं कारण बताये किसी भी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने अथवा बिक्री को स्थगित करने/टालने रद्द करने अथवा बिक्री की नियम व शर्तों को संशोधित करने का सम्पूर्ण अधिकार है।** 9. सम्पत्ति के क्रेता को सरकार को देय सभी वैधानिक देयक एवं सम्पत्ति से संबंधित सभी वर्तमान एवं भविष्य के कर, दर व देयक वहन करना होगा। 10. देय राशि ब्याज और अन्य शुल्कों को छोड़कर है। 11. इस नीलामी से संबंधित किसी भी तरह का संशोधन/त्रुटि सुधार/शुद्धिपत्र भविष्य में अखबार के माध्यम से प्रकाशित नहीं किया जायेगा कृपया इच्छुक नियमित रूप से ऊपर दी गई वेबसाईट से संज्ञान लेवें। 12. इस नीलामी की प्रक्रिया बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारी नहीं बोली लगा सकते। 13. इच्छुक बोलीकर्ता को यूजर आई डी-व पासवर्ड स्वयं बनाना है। जिसे बनाने में न्यूनतम 2 दिन का समय लगता है। अतः बोलीकर्ता से निवेदन है कि यूजर आई.डी. अंतिम तिथि से पूर्व ही बना लें। 14. एक बोली लगाने वाला (बोलीकर्ता) होने की स्थिति में बोली फॉर्म में उद्धत बोली राशि में न्यूनतम एक बोली वृद्धि मूल्य की बढोत्तरी करनी होगी, अन्यथा विक्रय निरस्त/स्थगित किया जायेगा।

स्थानः रायपुर
दिनांकः 05.10.2025

**किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में इस ई-नीलामी जो कि दिनांक 05.10.2025 सेंट्रल क्रॉनिकल, रायपुर का अंग्रेजी संस्करण के प्रकाशन ही मान्य होगा।**

**अधिकृत अधिकारी एवं मुख्य प्रबंधक**
**बैंक ऑफ इंडिया**

ASA

# महंगी बिजली अघोषित कटौती पर कांग्रेसियों ने बिजली दफ्तरों में जड़े ताले

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

प्रदेश में महंगी बिजली, अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को बिजली दफ्तरों का घेराव किया। एक तरफ जहां राजधानी रायपुर में शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने लाखेनगर स्थित बिजली कार्यालय का घेराव कर तालाबंदी की, वहीं ग्रामीण कांग्रेस ने धरसीवां, तिल्दा, खरोरा आरंग, नयापारा एवं अभनपुर में प्रदर्शन किया। रायपुर के प्रदर्शन में पुलिस प्रशासन द्वारा रोकने की कोशिश के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता बिजली कार्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंदी करने में सफल रहे। इस प्रदर्शन में पहुंचे पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा, राज्य की बीजेपी सरकार जनता से वादाखिलाफी कर रही है। एक तरफ महतारी वंदन योजना के नाम पर खुशियां बांटने की बात कहती है, तो वही दूसरी ओर बिजली बिल के नाम पर जनता की जेब काटी जा रही है। सरकार बताए, आखिर कब तक जनता को अघोषित कटौती और महंगी बिजली की मार झेलनी पड़ेगी। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, जहां एक ओर आम जनता महंगी बिजली से परेशान है, वहीं दूसरी ओर उद्योगपतियों को सस्ती बिजली दी जा रही है। यह सरकार गरीब विरोधी और पूंजीपतियों की सरकार बन चुकी है। कांग्रेस जनता की आवाज है, जब तक हर घर को बिजली की बढ़ी हुए दरों से राहत नहीं मिल जाती, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने कहा, बिजली बिल हाफ योजना को आधा कर, सरकार ने जनता से उसका हक छीन लिया है। इस प्रदर्शन में विनोद तिवारी, आकाश शर्मा, सुंदर जोगी, पंकज मिश्रा सहित भारी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कई दफ्तरों में तालाबंदी

ग्रामीण जिला कांग्रेस द्वारा धरसीवां, तिल्दा, खरोरा आरंग में प्रदर्शन हुआ, वहीं नयापारा एवं अभनपुर में प्रदर्शन किया गया। अभनपुर में भी तालाबंदी कर ज्ञापन सौंपा गया। नयापारा में प्रमुख रूप से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू की उपस्थिति में, आरंग में डॉ शिव डहरिया पूर्व मंत्री की उपस्थिति में, धरसीवा, खरोरा में छाया वर्मा पूर्व सांसद, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, तिल्दा, धरसीवां,खरोरा एवं अभनपुर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा शामिल हुए। कांग्रेसियों ने बिजली दफ्तरों में तालाबंदी की।




# ठाकरे परिसर में सालभर बाद फिर मंत्रियों का सहयोग केंद्र

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

- सोमवार से शुक्रवार तक रोज एक मंत्री सुनेंगे समस्याएं



प्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री एक बार फिर से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनेंगे। करीब एक साल बाद फिर से यह सहयोग केंद्र सोमवार से प्रारंभ हो रहा है। पहले दिन प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा समस्याएं सुनेंगे। इसके बाद लगातार शुक्रवार तक रोज एक मंत्री कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और उनके साथ ही उनके क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका निराकरण करेंगे।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने प्रदेश सरकार और संगठन को कार्यकर्ताओं को महत्व देने की बात कही थी। इसके बाद ही प्रदेश सरकार ने कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बीते साल कार्यकर्ताओं और उनके क्षेत्र के आम जनों की समस्याएं सुनने के लिए सहयोग केंद्र प्रारंभ किया था। इस सहयोग केंद्र में रोज एक मंत्री बैठ रहे थे और समस्याएं सुनने के बाद ज्यादातर छोटी समस्याओं का तत्काल निराकरण भी कर रहे थे।

## सालभर से बंद है सहयोग केंद्र

बीते साल सहयोग केंद्र प्रारंभ करने के बाद यह अगस्त तक चलता रहा, इसके बाद सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद से ही यह बंद हो गया। पहले भाजपा का सदस्यता अभियान चला, इसके बाद भाजपा का संगठन चुनाव और फिर नगरीय निकाय के बाद पंचायत चुनाव होने के कारण यह सहयोग केंद्र प्रारंभ नहीं हो सका। अब जबकि सारे काम निपट चुके हैं तो एक बार फिर से सहयोग केंद्र को प्रारंभ किया जा रहा है। इसको प्रारंभ करने की लगातार मांग हो रही थी।

## कब कौन मंत्री रहेंगे

सोमवार से सहयोग केंद्र प्रारंभ होगा। पहले दिन प्रदेश के राजस्व और उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा दोपहर को दो बजे से लेकर शाम को पांच बजे तक समस्याएं सुनेंगे। इसके पहले एक से दो बजे तक पंजीयन होगा। दूसरे दिन पहली बार मंत्री बने स्कूली शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव समस्याओं का निराकरण करेंगे। इसके बाद बुधवार को वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप गुरुवार को पहली बार मंत्री बने तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और शुक्रवार को खाद्य मंत्री दयालदास बघेल कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके उनकी समस्याएं सुनेंगे।





अपनी कल्पना से भविष्य को रंग दें

ऊर्जा संरक्षण पर राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता - 2025

विषय - वस्तु ऊर्जा बचाएँ, पृथ्वी बचाएँ | स्टार बनें - बीईई स्टार उपकरणों का उपयोग करें

समूह क: 5वी, 6ठी और 7वी कक्षा | समूह ख: 8वी, 9ठी और 10वी कक्षा

चित्रकला के लिए पुरस्कार

| पुरस्कार (प्रत्येक श्रेणी में) | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र स्तरीय पुरस्कार | | राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार | |
|---|---|---|---|---|
| | समूह क | समूह ख | समूह क | समूह ख |
| प्रथम पुरस्कार | ₹ 50,000/- | ₹ 50,000/- | ₹1,00,000/- | ₹1,00,000/- |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹ 30,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 50,000/- | ₹ 50,000/- |
| तृतीय पुरस्कार | ₹ 20,000/- | ₹ 20,000/- | ₹ 30,000/- | ₹ 30,000/- |
| प्रशंसा पुरस्कार (10) | ₹ 7,500/- | ₹ 7,500/- | ₹15,000/- | ₹15,000/- |

राष्ट्रीय विजेताओं को पदक लैपटॉप/ टैबलेट प्रदान किया जाएगा और उन्हें भारत में अध्ययन दौरे का अवसर भी मिलेगा।

स्कूलों को यहां पंजीकरण कराना होगा : www.paintings.beeindia.gov.in

पेंटिंग जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2025

संपर्क हेतु- पावरग्रिड 400/ 220 के.वी. स्टेशन जी.ई. रोड़ कुम्हारी दुर्ग, 490042

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सांविधिक निकाय / beeindiadigital / bureauofenergyefficiency







# ननकीराम किए गए हाउस अरेस्ट, पुलिस ने एम्स के पास की घेराबंदी

हरिभूमि न्यूज़: रायपुर।

पुलिस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर को गहोई भवन में हाउस अरेस्ट कर लिया। वह अपने ही सरकार के खिलाफ सीएम हाउस के बाहर धरने पर बैठने वाले थे। इससे पहले पुलिस अधिकारियों ने उन्हें एम्स के पास रोक लिया, लेकिन वे गेट कूदकर निकलने की कोशिश करते रहे। श्री कंवर ने इस दौरान कहा, अगर यही रवैया रहा, तो अगली बार भाजपा सरकार नहीं बनाएगी। जनता कह रही है कि अगली बार भाजपा को 15 से ज़्यादा सीटें नहीं मिलेंगी। निजी फायदे के लिए बाल्को कंपनी से मिलीभगत कर मुआवजे के नाम पर डीएमएफ में करोड़ों की बंदरबांट कर ली गई।

उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर भ्रष्टाचार को लेकर कोरबा कलेक्टर अजित वसंत को हटाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि 4 अक्टूबर तक कार्रवाई नहीं हुई, तो वे रायपुर में धरने पर बैठेंगे। इसके लिए वो शुक्रवार देर शाम रायपुर पहुंचे थे। उन्होंने धरने को लेकर रायपुर जिला प्रशासन को पत्र भी दिया था। शनिवार सुबह के 10.30 बजे से वो धरने पर बैठने वाले थे। जब वो होटल से धरना स्थल के निकले, इस दौरान पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हें रोक लिया।

## कंवर की नजरबंदी पर सियासत



### आदेश मिलते ही जांच कर रिपोर्ट सौंपेंगे अफसर

इधर राज्य शासन ने ननकीराम कंवर के शिकायती पत्र पर बिलासपुर संभागायुक्त सुनील जैन से जांच प्रतिवेदन मांगा है। हालांकि सुनील जैन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि शासन की ओर से उन्हें अभी तक लिखित आदेश नहीं मिला है। आदेश मिलते ही वे जांच कर रिपोर्ट सौंप देंगे। यह भी बताया जा रहा है कि इस मामले में शासन ने जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### हाउस अरेस्ट जैसी कोई बात नहीं- शर्मा

पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर के धरने पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, हाउस अरेस्ट जैसी कोई बात नहीं है। वे हमारे वरिष्ठ नेता हैं, उनका पूरा सम्मान है। वे जो कहेंगे उसे सुनेंगे, मुख्यमंत्री भी उनसे बात करेंगे।

### भाजपा नेताओं पर सरकार का कृत्य निंदनीय

ननकी राम कंवर की घेराबंदी पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है। उन्होंने भाजपा सरकार और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा "वाह! अमित शाह! वाह" जिस वक्त देश के गृहमंत्री बस्तर में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे हैं, ठीक उसी वक्त वरिष्ठ आदिवासी भाजपा नेता श्री कंवर को रायपुर में हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। यह दिखाता है कि भाजपा आदिवासियों की आवाज़ को दबाना चाहती है, चाहे वह फिर भाजपा के अंदर से ही क्यों न उठे। प्रशासनिक दलाली के ख़िलाफ़ अपनी आवाज बुलंद करने पर आदिवासी भाजपा नेताओं के साथ भाजपा सरकार का यह कृत्य निंदनीय है।


### भाजपा नेता की सुनवाई नहीं, तो आम आदमी का क्या होगा- बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आदिवासी नेता ननकी राम प्रदेश में फैली प्रशासनिक अराजकता के खिलाफ धरना देने वाले थे। पुलिस ने उनको रास्ते में रोक लिया तथा हाउस अरेस्ट कर लिया। यह सरकार की तानाशाही है। जब इतने बड़े भाजपा नेता की सुनवाई नहीं हो रही, तो कल्पना कीजिए कि इस सरकार में आम आदमी का क्या हो रहा होगा? ननकीराम को पुलिस से रोकवाने के बजाय मुख्यमंत्री को उनको सीएम हाउस ससम्मान बुलवा कर उनकी मांग का निराकरण करना था।





















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com